बुन्देलखण्ड में रोटी और संभोग की भूख अधिक रही है, इन दोनों की भूख एवं आभाव का कारण रोज़ी की कमी, आर्थिक दशा व गरीबी और विकास के समुचित साधनो के टोटा रहना बना ही रहा है। किसी प्रकार यदि विवाह हो जाता था तो घर पर पत्नी को सुखी रखना कठिन था। आधुनिक समय में आम जन में यह धारणा बन गयी है कि–"डढे. में लुगाई आई, पौने दो में धुतिया"। अर्थात् औरत को डेढ़ रूपये खर्च कर घर में ले आए लेकिन उसे पहनने की धोती पौने दो रुपया में मिलती थी।

इससे यह अनुमान लगता है कि, शादी तो कम खर्च मे ं हो जाती थी लेकिन स्त्रियों के कपड़े–गहने काफी महंगे होते थे। वस्त्र–भोजन के प्राप्त हो जाने पर भी महिलाएं आर्थिक रूप से सम्पन्न अन्य व्यक्ति से सम्बन्ध स्थापित कर जीवन चलाने में भी हिचकती नही थी। श्रमिक वर्ग की महिलाएं तो घर के अंदर–बाहर सभी कार्य करती थी। गाँव में दूसरो के यहाँ काम–धन्धे पर जाना, कम मजदूरी तो बहाना होता था बल्कि अपने को समर्पित कर घर चलाती थी। पुरुष तो घर में बिना काम के बैठे रहता था। इनके हुक्का–चिलम फतूम, कुर्ता, तम्बाकू आदि की व्यवस्था महिलाएं करती थी। यहाँ की श्रमिक वर्ग की स्त्रियाँ आर्थिक तंगी के चलते सवर्ण सम्पन्न वर्ग/कुलीन वर्ग से शारीरिक सम्बंध स्थापित कर लेती थी। यह कहा जा सकता है कि, कुलीन वर्ग के व्यक्ति आभावों में रहने वाली महिलाओं,धोती के नीचे नंगे ही थे, परन्तु सब कोई सब कुछ चलते रहने पर भी मौन, सभ्य और मर्यादित कहे जाते थे। स्त्रियाँ एवं पुरुष अनेक से अवैध सम्बन्ध बनाए रखने पर भी चरित्रवान थे। क्योकि गुप्त रूप से एकांत में शारीरिक सतुंष्टि कर लेना और करा देना यहाँ चलता ही रहा है। परन्तु ये

लोग स्वीकार भी नही करते थे। एकांत में मौका मिलते ही यौन–संबंध बना लेते थे और सबके सामने उसे चरित्रहीनता, दुष्कर्म का काम कहते है। अगर चरित्रहीन महिला है तो भी लोग उसे सार्वजनिक नही करते क्योंकि वह भाग जाने, अन्य व्यक्ति के साथ रहने लगने, घर में आग लगा लेने आदि की धमकियां अपने पति को देती रही है और धमकियों से पतियों को दबाए रहती रही हैं।

बहुपति प्रथा बुन्देलखण्ड के पहाड़ी–पठारी वाले क्षेत्रों में आंशिक रूप गुप्त तरीके से प्रचलन में रहा है। बिजावर परिक्षेत्र के ऐसे वनाच्छादित, पठारी गांवो ं में जहाँ पानी की कमी से कृषि उत्पादन कम होता है। ऐसे पिछड़े क्षेत्रों में लडकों की शादी कम ही होती रही है। जिनका व्यवसाय भी कृषि कम, पशुपालन अधिक रहा है। किसी भी तरह एक लडके की शादी कर दी जाती थी और शेष लडके कुंवारे (रडुआ) ही रहते थे। यहाँ एक कहावत बड़ी प्रसिद्ध रही है–"कुवारों भईया और तुवार भैंस "।

विवाह होने पर घर–गृहस्थी, सम्पत्ति का विभाजन होता, लेकिन रडुआ रहने पर विभाजन नही होता था। ऐसे रडुओं के घर में अकेली महिला परिवार की समृद्धि एवं एकता बनाए रखने में द्रौपदी का आदर्श निर्वहन करते हुए परिवार के रडुओं की यदा–कदा, जब जैसे जिसकी इच्छा होती, तदनुकूल उनकी काम क्षुधा शांत कर देती है। स्त्रियां इसे बुरा भी नही मानती, यह कहते हुए कि, ऐसा तो द्रौपदी ने पांच पांडवों के मध्य रहकर किया था। उनकी आदर्श द्रौपदी रही है। परन्तु यह गुप्त बहुपति प्रथा अकार्मिक लोगों में ही थी। दलित एवं आदिवासी स्त्रियाँ नाचने और वेश्यावृत्ति का धंधा कर अपने परिवारों का पालन–पोषण करती है। इनको 'बेडनी' कहते है। बेडनी के नाच को 'राई' कहा जाता है। शादी–विवाह के अवसर पर, होली फाग के अवसर पर या किसी भगवान के देवालय पर मनौती मन्नत के तौर पर 'बेडनी' नचवाते रहे है। नाचने वाली नाचने के साथ–२ शरीर के व्यवसाय के माध्यम से भी पैसा कमाती है। कुछ उच्च वर्गीय लोग बेडनियो को रखैल के रूप में रखते थे ।

बृजवासी जाति के लोग संख्या में तो कम है लेकिन वो ययावार है। इस जाती की स्त्रियां गाँवो ं में घर–२ जाकर नाचती–गाती और अनाज मांगती थी।[3] अपनी आवश्यकता की पूर्ती के लिए वो किसी से भी शारीरिक सम्बन्ध बना सकती थी। इस जाती के लोग घर में लडकी होने पर जश्न मनाते थे। ये लोग तो लडकियों को खरीदते थे या पुत्र वधु बनाकर उससे नाच–गाना करवाते और उससे प्राप्त धन से परिवार का भरण–पोषण करते। सास–बहु के झगड़े परिवार में अक्सर होते रहते है। इसकी वजह से कही सास तो कही पुत्रवधू फांसी लगाकर अपनी जान गवां देती है।

वर्तमान में घर में लड़का पैदा होता है तो परिवार में खुशी का माहौल होता जबकि लडकी पैदा होने पर घर में मातम छा जाता है। बुन्देलखण्ड में लडकी को पढ़ाना जरूरी नही मानते। लडकी को चौका–रोटी, गोबर–पानी, घास, लकड़ी का कंडा, मिट्टी की छपाई, गोबर की लिपाई–पोताई, गाय–भैंस, बकरी का दूध दुहना, मट्ठा बनाना, फसल–कटाई, पत्थर की चक्की से आटा पिसाई, धान की दराई, घरेलू काम सिखाया जाता है और लडकी को हमेशा दबाव में रखा जाता है।[4] उसे घर के पुरूष वर्ग जब खाना खा लेते थे तो ही खाने को कहा जाता था। इन सब वजहो ं से वो अक्सर बीमार हो जाती है। निम्न वर्ग की स्त्रियाँ जो की अपने घर का भरण–पोषण करने के लिए मजदूरी का भी कार्य करती है। जबकि वो काम अधिक करती लेकिन पारिश्रमिक कम ही दिया जाता है। फिर भी जो महिलाएं काम–धंधे करके जो पैसा घर लाती भी थी उसको उनके पति एवं अन्य सदस्य लाठी–डंडे का भय दिखाकर ले लेते थे।

हम यह कह सकते है कि, स्त्रियां घर के अन्दर बलात्कार सहती थी और काम के समय खलिहानो ं में घर के बाहर भी बलात्कार सहती थी। वह शोषित थी, भोग्या थी, पति से पीड़ित थी, देवर से सशंकित थी, सास–ससुर से पीड़ित थी, घर के बाहर कुलीन वर्गों से पीड़ित थी। पुरूष–प्रधान समाज की पीड़ित महिला मौन रहते हुए भी भोग्या थी।

ऐसा माना जाता है कि, बुन्देलखण्ड में लडकियों एवं महिलाओ ं के लडको ं एवं पर–पुरूषों से यौन सम्बन्ध बनाना कोई निंदनीय बात नहीं रही। लड़का–लडकी, स्त्री–पुरूष जो कुलीन वर्गों के यहाँ काम करते या खेत–खलिहानों में एक साथ कार्य करते थे तो उनमें स्वाभाविक रूप से शारीरिक सम्बन्ध स्थापित हो जाता

था। उच्च जातियों के पुरूष भी, उनके घरों में काम करने वाली नौकरानी सेवा कर्मी औरतों के सम्पर्क बना लेते है। गुप्त रूप से स्थापित यौन सम्बन्धों से कुँवारी या विवाहित, कुवारा, विधुर अथवा विवाहित या कौन नीच जाति, कौन ऊँची जाति का कोई विचार नही माना जाता है। लेकिन कुवारी लडकी या विधवा के गर्भवती हो जाने पर सामाजिक पंचायत में पुरूष व्यक्ति का नाम खुल जाता करता था। अगर यह व्यक्ति उच्च जाति का होता था तो गर्भवती को उसके साथ रखवा दिया जाया करता था और अगर किसी उच्च जाती के पुरूष का नाम खुलता था तो प्रकरण पर पर्दा डालते हुए गर्भवती महला को किसी जातीय रडुआ, विधुर या अविवाहित व्यक्ति को सौप दिया जाता था परन्तु उच्च वर्गीय अविवाहित व विधवाएं गर्भवती हो जाने पर कुँए में गिरकर, आग लगाकर मर जाने को प्रेरित की जाती थी अथवा किसी पर–पुरूष के साथ क्षेत्र से बाहर चली जाती थी। दीवान प्रतिपाल सिंह ने अपनी पुस्तक "बुन्देलखण्ड का इतिहास" में स्त्री और पुरूष के यौन सम्बन्धों पर लिखा है कि–राजा का पुत्र पानी भरता है और ढीमर का लड़का राज करता है।[5]

बुन्देलखण्ड में रोजी–रोटी के आभाव, गरीबी, समाज में सामन्ती प्रभाव एवं गुप्त यौन सम्बन्धों के प्रचलन से ग्रस्त लोग लडकियों की शादी कम आयु में ही कर दिया करते थे। क्योंकि बुन्देलखण्ड में एक कहावत है कि "अकेली रधिया, सबरों गाँव रसिया"।

कम आयु में शादी होने के कारण लड़कियों में अनेक प्रकार की समस्याएँ पैदा हो जाती थी। आर्थिक तंगी के चलते माता–पिता बेमेल विवाह कर देते थे। बहुत सी महिलाएं उच्च वर्गीय व्यवस्था का पालन करते हुए बूढ़े या अधेड़ व्यक्ति के साथ विवाह तो कर लेती थी लेकिन अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए पथ भ्रष्ट हो जाती थी। सवर्ण समाज में टीपनाओं से ग्रह–गुण मिलानकर शादी रचाई जाती थी। जिसमें केवल समाज का टीपना देखकर उत्तम मेल कहकर शादी कर दी जाती थी। न लड़के लड़की देखते थे, न लड़की के माता–पिता वर देखते थे। कमौनिया नाई लड़का का टीपना लाता था, वही लड़का देखता था, घर–परिवार का खेती–धंधा, घर–मकान, भोजन व्यवस्था सब नाई देखकर आता था। उसी नाई के कहने पर लड़की की शादी कर दिया करते थे। लड़का कैसा भी हो, यदि नाई को पेट–भर भोजन, वस्त्र–धन और मन वांछित विदाई लडके के घर से प्राप्त हो गयी तो वह शादी हो ही जाती थी, क्योंकि विवाह में वधु पक्ष नाई की इच्छा को प्राथमिकता दिया करते थे ।

इस तरह के विवाह में बहुत कमियां होने के बावजूद लड़की अपना जीवन व्यतीत करती थी। कभी–२ परेशान होकर ऐसी स्त्रियाँ अपने पति को छोड़कर दुसरे व्यक्ति के घर बैठ जाती थी। दलित एवं आदिवासी वर्ग की महिलाओं को कष्टमय जीवन बीतना पडता था। पति उन्हें प्रत्येक समय अपशब्द कहते रहते थे, मार–पीट भी किया करते थे। इन सब कष्टों से तंग आकर महिलाऐं ससुराल से मायके चली जाती थी। ऐसी स्थिति में मायके वाले भी पैसा लेकर दूसरे के साथ अपनी पुत्री की शादी कर देते थे या बैठकी कर देते थे। रखैल रखने या खरीद कर पत्नी को ले आने में महिला की जाति को नही देखा जाता था। पंडित के पास रहने पर पंडिताइन, ठाकुर के साथ रहने पर पर ठाकुरानी, चर्मकार के घर रहने पर चमारिन कही जाती थी।

स्त्रियों का अपना स्वतंत्र वजूद नही था। पति के आदर वैभव, मान–अपमान, अमीरी–गरीबी, ऊँची जाति, नीची जाति आदि को स्त्री ही सहती थी। जो दो वक्त का खाना और दो धोती देता था, स्त्री उसी की भोग्या पत्नी बनकर रहा करती थी। क्योंकि महिला प्रत्येक अधिकार से वंचित रहती थी। घर की सम्पत्ति का स्वामी पति, भूमि, खेत, पशुधन का स्वामी पति, बाल–बच्चों का स्वामी पति, यहाँ तक की पत्नी का भी स्वामी पति ही होता था। इस प्रकार पत्नी प्रत्येक परिस्थिति में पति की आश्रित होती थी।

बुन्देलखण्ड में अभी भी लोटा संस्कृति ज़ोरों पर है। स्त्रियाँ/पुरूष दोनों वर्गों में खुले में शौच करने की परम्परा है। घर से बाहर खुले मैदानों में, नदी–नालों में, गलियों एवं खंडहरों में, सडकों एवं सार्वजानिक स्थानों पर, रेलवे की पटरियों पर खुले में शौच करते दिख ही जाते है। इससे स्त्रियों को काफी शर्मिंदगी झेलनी पड़ती है। कभी–२ अँधेरे एवं खुले एकांत कर लाभ उठाकर, गाँव या शहरों के मनचले महिलाओं एवं लड़कियों की इज्जत तक लूट लेते हैं ।[6]

नदियों के घाटो, तालाबो और कुओं के पाटो पर स्नान करती हुई महिलाओं की अर्धनग्नता को मनचले व्यक्ति कामुक दृष्टि से निहारा करते है और छेड़खानी भी किया करते है। लेकिन स्त्रियाँ मजबूरीवश इन सबको

झेलती हुयी जीवन यापन करती है। उच्च वर्गीय घर की स्त्रियों के लिए उनके घर में ही शौचालय एवं स्नान घर बनवा दिया करते है। लेकिन आर्थिक तौर पर कमजोर सवर्ण परिवारों की महिलाएं भी पिछड़े दलित परिवारों की तरह मर्दों से तिरस्कृत होती थी, पिटती थी। बुंदेलखंडी समाज में सास–बहु के बीच कलह, लड़ाई–झगड़े होते ही रहते है। यद्यपि सासें कुन्घसू पर्व के दिन पुत्रियों के रूप मे बहू को लक्ष्मी के रूप मे पूजा करती थी। लेकिन पुत्रवधू अपनी सास को हमेशा हेय दृष्टि से ही देखा करती थी। यहाँ पर महिलाओं को भोग की वस्तु ही माना जाता था। जिसका बहुत कुछ श्रेय राज्यों के दरबारी श्रंगारी रसिक कवियों को भी था। जिन्होनें निष्क्रिय ज्वालामुखी को प्रसुत्त ज्वालामुखी के रूप मे प्रस्फुटित होने के लिए मजबूर कर दिया ।[7]

राजदरबारों मे राजाओं को प्रसन्न करने के लिए कवियों ने नायिका भेद, नख–शिख वर्णन और अश्लील काव्य रचनाएँ रची थी, जिन्होंने राजाओं, जागीरदारों एवं सामंतो को भरे दरबार मे सुनाकर उनका मनोरंजन किया करते थे। राजाओ से पुरस्कार की अभिलाषा मे स्त्रियों की अश्लीलतम रचनाएँ दरबारों में पेश की जाती थी। नायिका के बाल, मुख, चोटी, बिन्दी, होठ, आँख, गाल, भृकुटी, चितवन, लचकदार पतली कमर, नितम्ब, पैर पिंडलियाँ, कुंच, नाभि, बलखाती चाल व मुस्कराहट का ऐसा कामोत्तेजक वर्णन किया है कि जिसे सुनने और पढने वाले कामवासना रस सरोवर मे गोते लगाने को बेताब हो उठते थे।[8] चंदेलकाल मे तो छल–बल से पराई लड़की को प्राप्त कर लेना पौरूष का कार्य था। लोक काव्य आल्हा में गाया जाता है कि– ''जिसकी बिटिया नीकी देखी,तुरतई भांवर लैय डराय।''

खजुराहो के मंदिरों की भित्तियों मे नर–नारी की रति क्रीडाओं का विभिन्न मुद्राओं, आसनों का स्पष्ट खुला चित्रांकन पुष्टि करता है कि बुन्देलखण्ड मे महिलाओं की स्थिति प्राचीन समय से ही भोग्या की ही रही है। राजदरबार ही नही बल्कि ग्रामीण समाज पर भी इसका प्रभाव दिखायी देता था। विवाह के गीतों में अश्लीलता, होली की फाग में अश्लील फाग गाये जाते थे। समकालीन नाटको के मंचन मे भी अश्लीलता दिखायी देती थी।[9] बुन्देलखण्ड के डंगाई क्षेत्र के कंथार बनाच्छादित्त भूभाग मे सामंती प्रभाव के चलते दमन, दासता व शोषण अधिक था। महिलाओं को अपमानित करने के लिए लोगो मे अशोभनीय कहावतें प्रचलित थी जैसा कि–बनियाँ, टनियाँ, सारंगी औंर मृदंगी ढोल। ज्यों– 2 इनको पीटीए त्यों–२ निकसे बोल।।

अस्पृश्यता की जड़ें बुन्देलखंडी समाज मे गहरी है। लोग अछूत जातियों को छूने को दोष मानते है लेकिन उनके साथ व्याभिचार करने में कोई परहेज़ नही मानते है। महिलाओं को गालियां देना, मारना–पीटना व अपमानित करने में पुरूष वर्ग अपनी मर्दानगी मानते है। बुन्देलखण्ड के लोग दो चाहते हो मुख्य मानते है– औरत को क्या चाहिए–मौ भर कौरा भर। यानि भरपेट रोटी एवं भरपूर सम्भोग। यहाँ के पुरूषो ं की वैचारिक दिवालियापन की पराकाष्ठा थी कि, जिन्होने ं महिला को पशुवत, निरीह एवं वासना की मनोरंजक वास्तु मान लिया था। अभी भी कुछ–२ क्षेत्रों में बेड़नी नचवाने की परम्परा दिखायी देती है जैसे कि, ललितपुर, सागर, बिंजावर, महरौनी व मडावरा क्षेत्रों में।

बुन्देलखण्ड की महिलाओं को उत्पीड़न से बचाने के लिए बुन्देलखंडी महिला संपत पाल ने 'गुलाबी गैंग' नामक संगठन द्वारा महिलाओं को एकजुट करना शुरू कर दिया और उनको न सिर्फ आत्मरक्षा के गुण सिखा कर एवं शारीरिक एवं मानसिक रूप मजबूत किया बल्कि अन्य महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचारों का प्रतिकार लेने मे भी उनकी भूमिका निश्चित कर उन्हें व्यवस्था के खिलाफ लड़ने में माहिर किया। इन्ही की राह पर चली एक और महिला मंजू शर्मा ने भी गुलाबी गैंग की नीव डाली जो कि महिलाओं के हितों के लिए सघंर्ष कर रही है। बुन्दले खण्ड की महिलाओं के जेहन में देश सर्वोपरि है। घर समाज से लेकर सियासत की चिंता उनके चेहरे पर साफ झलकती है। 'हर बोले' बुंदेलों की तर्ज पर बोलने मे हिचकती नहीं है। सपाट और दो टूक लहजे मे अपनी बात रखती हैं।

अंततः यह कहा जा सकता है कि, बुन्देलखण्ड की महिलाएँ हमेशा से पीड़ित एवं असुरक्षित रही हैं। इन्ही वजहों से यहाँ पर बाल विवाह, अनमेल विवाह और पर्दाप्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियां प्रचलन में थी। यहाँ के पुरूषों ने ''मातृवत् परदारेषु'' के नैतिक सिद्धांत का व्यवहारिक रूप से पालन कभी नहीं किया। लेकिन जो भी हो, वर्तमान बुन्देलखण्ड में महिलाएं साहित्य, कला, विज्ञान एवं राजनीति में बढ़–चढ़कर हिस्सा ले रही

है। अब महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति सजग हो रही है और अपने उत्तरदायित्वों का सजगता से निर्वहन कर रही हैं।

सन्दर्भ :

1.	सिंह, दीवान प्रतिपाल	:	बुन्देलखण्ड का इतिहास (प्रथम भाग)1928, पृ. स. 229–31
2.	मित्र, श्री रामचरण	:	बुन्देलखण्ड की संस्कृति और साहित्य, नयी दिल्ली, 1969–70, पृ 97,109–12
3.	तिवारी, डॉ बलभद्र	:	बुन्देली काव्य परम्बरा, सागर (म.प्र.)पृ 23–28
4.	सिंह, दीवान प्रतिपाल	:	बुन्देलखण्ड का इतिहास (प्रथम भाग)1928, पृ. स. 229–31
5.	त्रिपाठी, डॉ मोतीलाल	:	बुन्देलखण्ड दर्शन, झाँसी, 1980, पृ 129–34
6.	रहमानी, डॉ सबीहा	:	बुंदेली लोक संस्कृति कारण एवं संरक्षण, बाँदा 2012,पृ. स. 22–23
7.	गुप्ता, सरोज डॉ,चौकसे, छाया डॉ	:	हमारा बुन्देलखण्ड, नयी दिल्ली 2015,एवं पृ. स. 44–45
8.	निर्जन, डॉ शिव दयाल	:	बुन्देलखंडी लोक साहित्य,पृ, 211–818
9.	श्रीवास्तव, भगवान दास, खरे, श्री भगवान दास	:	बुंदेलों का इतिहास, दिल्ली, 1960,एवं पृ , 384–387

Anvesha The Horizon (UGC J.No.-64028)
ISSN : 2454-5430, Vol. XII (I) Jan-June 2019

लोक साहित्य में सांस्कृतिक अभिव्यक्ति

डा0 अनुपमा सिंह*

शोध–सार

'लोक ' से तात्पर्य उस विराट,विशाल,व्यापक समाज से है जिसके जीवन–मूल्यों का निधार्रण किसी व्यक्ति अथवा वर्ग विशेष के द्वारा नहीं होता, जो किसी संसदीय विवेचना या शास्त्रीय भाष्य का मुखापेक्षी नहीं होता तथा जिसका अर्थ बोधगम्य बनाने के लिए किसी पाण्डित्य की आवश्यकता नहीं होती । लोक 'भूमा' का मधुमय दान है। लोक उस वन्य कुसुम की भाँति है जिसको अंकुरित होने से विकसित होने तक किसी कृत्रिम खाद–पानी की आवश्यकता नहीं पड़ती। लोक हमारे जीवन और संस्कारों के साथ धूप–छाँह की तरह जुड़ा हुआ है। यह हमारे जीवन के प्रथम स्पंदन के साथ सचेतन है, सहज अवचेतन का अमर प्रसाद है जिसे प्राप्त कर हम अपने जीवन को सार्थक बनाते हैं। इस लोक में बुद्धि की कतर व्योंत नहीं, मतवादों का पूर्वाग्रह–दुराग्रह नहीं, अहकांरों की लक्ष्मण रेखा नहीं, तर्क की शुष्कता नही, प्रयोगशालाओं की रासायनिक गंध नही, पाण्डित्यबोध के काँटे नहीं, इसका मार्ग 'अति सूधोसनेह को मारग है, जहाँ नैकु सयानप बाँक नहीं' है। इसकी सीमाओं में प्रवेश करने के पूर्व तर्क और शास्त्रीय ज्ञानजन्य अभिमान तथा वैयक्तिक चेतना के अहंकार को प्रवेश द्वारा पर ही छोड़ना पड़ता है तब हमारा मानस इस लोक के संवरण का अधिकारी बनता है। लोक जीवन और उसका साहित्य किसी भी देश की सांस्कृतिक अस्मिता की पहचान होती है। किसी भी देश के लोक साहित्य में उस देश की जनता के उद्‌गार एवं हार्दिक भावनाएँ निहित होती हैं। लोक साहित्य हमारे जीवन का महासागर है जिसके प्रत्येक लहर पर सनातन संचित अनुभवों की तैरती मणियों पर तीव्र चमक, धर्म का आह्‌लाद, दर्शन का गाम्भीर्य, इतिहास की ललकार, शृंगार की मनोहारिता, शौर्य का तेज, करूणा–संवेदना की उत्सव द्युति सदैव विद्यमान रहती है। किसी भी राष्ट्र की सांस्कृतिक मौलिकता का श्रोत लोक साहित्य ही है। 'भोले भाव मिले रघुराई' की तरह भोली अलौकिक लोकवाणी में राष्ट्र की स्वायत सौन्दर्य भावना, जीवन की अकृत्रिमता और मिट्‌टी की सुगन्ध के साथ राष्ट्रीयता व्यक्त होती है। यदि हम किसी राष्ट्र की अन्तर्भावना, सिद्धान्तमूलक जीवन पद्धति का परिचय प्राप्त करना चाहते हैं तो हमें लोक संस्कृति का ज्ञान प्राप्त करना आवश्यक होगा और यह ज्ञान मुख्य रूप से लोक साहित्य द्वारा ही प्राप्त हो सकता है। लोक साहित्य के दर्पण में संस्कृति का प्रतिबिम्ब दिखलायी पड़ता है। यहाँ समाज का शैशव किलकारी भरता है, कैशोर्य की अल्हड़ता मुस्कुराती है, यौवन की खिलखिलाहट खनकती हैं, वृद्धावस्था की अनुभवजन्य मुस्कुराहट मनमोहिनी बन जाती है। यहाँ प्रभात की अरूणिमा, मध्याह्न की लालिमा तथा सन्ध्या की गम्भीर शान्ति का एकछत्र शासन रहता है। लहलहाते खेत– खलिहान, नदी–नाले,बावडी आदि की छटा मन को प्रफुल्लता से भर देती है। यही नहीं, यहाँ अनेक ऐसे त्योहार हैं जिनका असली रूप लोकसाहित्य में ही प्राप्त होता है। जैसे–लोक साहित्य में वर्णित सावन का महीना आते ही ससुराल में गयी सौभाग्यवतियाँ अपना पीहर याद करने लग जाती हैं। लोकसाहित्य के भावब्रह्मांड में लाके मानस लोकगीतों में झूमता है, लोक नृत्यों पर थिरकता है, लोक कथाओं में रसमग्न हो जाता है। लोक गाथाओं में चमत्कृत होता है, हरजसों (भजनों) में आत्मलीन हो जाता है। इस प्रकार लोक की सहज अकृत्रिम अभिव्यक्ति लोक–साहित्य है। लोकसाहित्य जीवन का वह रस है, जिससे अभिसिंचित होकर सांस्कृतिक महावृक्ष समृद्ध होता है।

मुख्य शब्द : सृष्टि, संस्कार, उन्मुक्त, उद्‌गार, लोकबद्धता, अनुष्ठान, अतिरंजना, अकृत्रिम, उर्वरता, समष्टि, लोकमंगल, शाश्वत, सामुदायिकता।

*असिस्टेंट प्रोफसर, हिन्दी विभाग, के॰बी॰ महिला महाविद्यालय,(विनोबा भावे विश्वविद्यालय), हजारीबाग।

आधुनिक वैज्ञानिक सभ्यता के भौतिक चमत्कारपूर्ण तार्किक संस्कारों, जीवन पद्धति की जटिलताओं, बौद्धिक तनावों, मानसिक कुण्ठाओं, शास्त्रीय जन्य अहकारों अतिवादी पाण्डित्य की चेतनाओं तथा वर्ग संघर्ष की आशंकाओं से तपती, दहकती एवं सुलगती मरुभूमि से सर्वथा दूर एक ऐसी भी सृष्टि विद्यमान है, जो नित्य नूतन, शस्य श्यामल, परम पवित्र, अकृत्रिम, सहज परम्परानुमोदित संस्कारों की उर्वरता से सम्पन्न है। यह ऐसी स्वच्छंद सृष्टि है जिसकी सत्ता किसी पोथी के ज्ञान से निर्मित नहीं है। जहाँ व्याकरण के अनुशासन की शृंखला नहीं है। अहम् चैतन्य व्यक्तिवादी बोधगत सत्ता का शासन नहीं है। स्वभाव केन्द्रित चिन्तन नहीं है। बल्कि इसके विपरीत खुले आकाश की तरह उन्मुक्त, सागर की तरह गम्भीर, वायु की तरह स्वच्छन्द तथा वसन्त की सी मादकता है। यह सृष्टि सर्वथा निर्वैयक्तिक है। यह सच्चे अर्थो में समष्टि है। यहाँ का प्राणी गीतों के लय तथा ताल पर थिरकता है। कथाओं तथा गाथाओं की धारा में बहता हुआ लोकमगंल की कामना के किनारों को संस्पर्श करता है। पहेलियों तथा लोकोक्तियों की टेढ़ी–मेढ़ी पगडंडियों पर संचरण करता हुआ लोक रंगमंच की अकृत्रिम अभिनय शैली की विविध नाट्यमुद्राओं से अनुरंजित होता है। 'लोक' देवी–देवताओं के चमत्कारपूर्ण जीवनप्रसंगों से चमत्कृत होता है तथा अनुष्ठानों, टोने–टोटकों, शकुन अपशकुनो, तीज–त्यौहारों के बीच अपने जीवन यात्रा को हँसते–हँसाते, रोते–गाते, नाचते–झूमते, खिलते–खिलाते पूरी करता है। जंगल में खिलने वाले फूलों की तरह यह 'सृष्टि' सुन्दर स्वाभाविक तथा सहज है। यही 'सृष्टि' 'लोक' की संज्ञा से सम्बोधित की गयी है। यह लोक सच्चे अर्थो में जनमानस है और उसका मूल बिम्ब भी है। लोक की रचनाएं हमारी साहित्यिक सांस्कृतिक निधियों की संचित कोष हैं। जीवन–यात्रा के शाश्वत इतिहास की अनंत चित्रशालाएँ हैं, शाश्वत संस्कार युक्त कड़ियाँ हैं। यह हमारे जीवन अनुभवों को व्यक्त करने का विना तराशा हुआ पुरातन अनुभव है। यह हमारे चित्त की स्व से सर्व की अनुभूत यात्रा का अलिखित, मौखिक तथा संरक्षित माध्यम है। इसी 'लोक' की अभिव्यक्ति जिस मानस पर होती है वह लोकमानस है और लोकमानस का अनायास उदगार 'लोक साहित्य' कहलाता है। लोकसाहित्य समस्त लोक के हर्ष–विषाद, राग–विराग, सुख–दुख की सहज अकृत्रिम स्वाभाविक व सरस अभिव्यक्ति है इसलिए यह कहना अतिरंजना नहीं होगा कि लोक–साहित्य सर्वव्याप्त है। यह सम्पूर्ण मानव जाति की विरासत का साम्य रूप है। वस्तुतः लोक साहित्य का केन्द्रीय लक्षण है सामुदायिकता। यह सामुदायिकता या लोकबद्धता केवल अनुष्ठान और क्रिया मूलक, शिक्षापरक कहावतों, कथाओं या मनोरंजनात्मक पहेलियों, गाथाओं और कहानियों के रूप मे ही दिखाई नहीं पड़ती वरन् लोक के सदस्यों या उनके बीच मुखर पाठ और प्रदर्शन के विषय भी हैं। इस अर्थ में लोक –साहित्य एक प्रकार का नाटक है, जिसका वाचक या गायक सदैव अभिनेता की भूमिका में रहता है। लोक–साहित्य मानव जाति की सभ्यता संस्कृति का अनश्वर शिलालेख है। किसी भी समय की संस्कृति को समझने के लिए यह एक ऐतिहासिक दस्तावेज है। लोक–साहित्य मूलतः किसी भी देश की संस्कृति का सजीव प्रतिबिम्ब है। डॉ शंकरदयाल शर्मा लिखते है, ''लोक–साहित्य' एक परम्परा निधि है जिसे लेखनी ने न कभी सजाया है और न सँवारा है और न कदाचित इसे लेखनी की सहायता मिली है यह तो प्रारम्भ से समाज की जिह्वा पर आसीन रहा है सभ्यता और संस्कृतियों का उत्थान–पतन हुआ, साहित्य बना आरै बिगड़ा, परन्तु लोक साहित्य का स्रोत कभी शुष्क नहीं हुआ और आज भी उसकी धारा प्रवाहमान हैं।''

संस्कृति मानव जीवन के अन्तर और बाह्य जीवन की सच्ची अभिव्यक्ति है। मानव जीवन के सामाजिक, आध्यात्मिक एवं नैतिक मूल्य इसमें सन्निहित है। विश्व के प्रत्येक समुदाय या समूह के सर्वोत्तम संस्कृति की आधारशिला वहाँ के लोक–समाज पर टिकी हुई है। यही कारण है कि लोक समाज की संस्कृति को 'लोक संस्कृति' का नाम दिया गया हैं। लोक संस्कृति कोई लिपिबद्ध लेख नहीं है, बल्कि यह एक मानसिक धरोहर एवं लोक विश्वास है जो लोक में पीढ़ी दर पीढ़ी विरासत के रूप मे युगों से चली आ रही है। यह बात भी सत्य है कि सभ्यता लोक संस्कृति में सामयिक परिवर्तन करती रहती है, परन्तु लोक मानव इस सभ्यता की ओर से मूक बनकर अपनी संस्कृति के प्रति उत्तरदायी होता है। वह अपनी सभ्यता भी उसी संस्कृति को मानता है और मानना चाहता है। उसकी संस्कृति मे यदि कोई परिवर्तन होता है तो परिस्थितिगत विवशता के कारण ही ऐसा होता है। सांस्कृतिक परिवर्तन किसी भी समय व्यापक स्तर पर नहीं होता, बहुत मन्द गति से होता है और इस

परिवर्तन के परिणामस्वरूप तत्काल कोई व्यापक परिवर्तन नहीं दिखाई पड़ता। यही कारण है कि किसी भी राष्ट्र की लोकसंस्कृति में स्थायित्व बना रहता है और सभी संस्कृतियां अपना स्वतंत्र महत्त्व रखती है।

प्रत्येक देश की संस्कृति का मूल उत्स वहाँ की लोक संस्कृति है। लोक संस्कृति रूपी पंक से ही संस्कृति रूपी पंकजिनी अपने पंखुड़ियों का निर्माण करती है। लोक–संस्कृति के विखरे अनंत लोकाचारों संस्कृति एवं परम्परागत विचारों की नाना रूप–भेदात्मक स्थितियों के संगठित समायोजन से भारतीय संस्कृति का संघटन हुआ है। अतः यह कहा जा सकता है कि संस्कृति की आत्मा लोक संस्कृति में निवास करती है लोक–संस्कृति का स्वभाविक चित्रण लोक–साहित्य में उपलब्ध होता है, इसलिए लोक साहित्य को लोक संस्कृति के महत्त्वपूर्ण अंग के रूप में स्वीकार किया गया है। लोक साहित्य के विस्तार क्षेत्र की चर्चा करते हुए डॉ॰ कृष्णदेव उपाध्याय ने लिखा है कि ''इसका क्षेत्र विस्तार अत्यन्त व्यापक है। इसके अन्तर्गत पिछड़ी हुई जातियों में प्रचलित अपेक्षाकृत समुन्नत जातियों के असंस्कृत समुदायों के अवशिष्ट लोक–विश्वास, रीति–रिवाज, खान–पान, संस्कार, प्रथाएँ, रहन–सहन एवं आचार–विचार आते हैं। प्रकृति के चेतन तथा जड़ जगत के सम्बंध में भूत–प्रेतों की दुनिया तथा मनुष्यों के विषय में, जादू–टोना, सम्मोहन, वशीकरण, ताबीज, भाग्य, शकुन, रोग तथा मृत्यु के सम्बंध में आदिम तथा असभ्य जातियों की अंध परम्पराएं इसके भीतर अवशिष्ट होती हैं। इसके साथ ही विवाह, उत्तराधिकार, बाल तथा प्रौढ़ जीवन के रीति–रिवाज, अनुष्ठान और त्यौहार, युद्ध, आखेट, पशुपालन, मत्स्य व्यवसाय आदि विषयों के विधि विधान इसके अन्तर्गत हैं।''

लोक संस्कृति का वास्तविक स्वरुप हमें लोक–साहित्य में प्राप्त होता है। सामाजिक, पारिवारिक जीवन के जो मर्मस्पर्शी दृश्य यहाँ उपलब्ध है उसके दर्शन अन्यत्र कहाँ ?ऐसा ज्ञात होता है कि जन जीवन को चित्रित करने वाले 'चतुर–चितेरे' ने बड़े संयम से अपनी तूलिका का प्रयोग किया है। सुन्दर तथा दिव्य दृश्यों को चित्रांकित करने मे उसकी तूलिका उतनी ही सफलीभूत दिखलाई पड़ती है जितना भोड़ें तथा भद्दे चित्रों के प्रदर्शन में लोक कवि ने जन–जीवन के उभय पक्षों–सुन्दर तथा असुन्दर दोनों को हमारे सामने प्रस्तुत किया है, इसलिए वह समाज के सच्चे दृश्य को स्वाभाविक रूप में प्रस्तुत करने में सफलीभूत हुआ है। लोक साहित्य में जहाँ आदर्श पतिव्रता नारियों का उल्लेख है वहीं ऐसी कर्कशा नारियों का भी वर्णन पाया जाता है जो विधवा होने के लिए सूर्य भगवान से प्रार्थना करती है। जहाँ माता और पुत्री का दिव्य प्रेम दिखलाया गया है वहीं सास–बहू तथा भावज–ननद के कटु एवं विषाक्त व्यवहार का वर्णन भी है। लोक गीतों में माता का प्रेम पुत्र की अपेक्षा पुत्री में अधिक दिखाई पड़ता है। पुत्री के पैदा होने तथा उसके विवाह में कितना भी कष्ट क्यों न उठाना पड़े, माँ का प्रेम से परिपूर्ण हृदय उसकी तनिक भी चिन्ता नहीं करता और वह पुत्री से बड़ा प्रेम करती है। पुत्री को जब ससुराल में कष्ट होता है, उसका जी वहाँ नहीं लगता, तब वह माता के अतिरिक्त किसी से भी अपने दुख का प्रकाशन नहीं करती पार्वतीजी ससुराल के कष्टों को अपनी माता से निवेदन करते हुए कहती हैं –

''भगिया पीसत ए आमा, हथवा खिअइले
धतूर मलत ए आमा, जियरा अकुलइले।।''

लोक–साहित्य में जहाँ पिता–पुत्र, माता–पुत्री, पति–पत्नी और भाई–बहन का लोकोत्तर प्रेम दिखलाई पड़ता है, वहीं सास–पतोहू, ननद–भावज और विभिन्न सपत्नियों का पारस्परिक व्यवहार अत्यन्त कटु और विषमय उपलब्ध होता है। एक गीत में सपत्नी की चिन्ता के कारण नींद न लगने का उल्लेख इस प्रकार हुआ है :–

लागति नाहीं निनिया ए राजा जी
बायें सुतलि बासवतिया ए राजा जी
लागाति नाहीं निनिया ए राजा जी।

लोक–साहित्य में परिवार के संगठन उसकी समस्याओं एवं सदस्यों के पारस्परिक सम्बंधों का विस्तृत वर्णन मिलता है। पारिवरिक जीवन की विपन्नता, सम्पन्नता कलह, सदस्यों के व्यवहार और सम्बंधों की विस्तृत

झाँकी मिलती है। शादी–व्याह के अवसर पर पूरे गाँव का सहयोग भी उल्लेखनीय है। लोक–साहित्य ऐसा दर्पण है, जिसमें लोक जीवन का प्रतिबिम्ब स्पष्ट रूप से दिखाई देता हैं। सामाजिक जीवन की कटुता का वर्णन करने में लोक साहित्यकार संकोच नहीं करता इसलिए सौतियाडाह लोक–साहित्य का प्रमुख विषय है। पारिवारिक संस्कारों में सोलह संस्कारों का उल्लेख भी लोक–साहित्य मे प्राप्त होता है।

लोक–साहित्य का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष सामाजिक पक्ष है, जिसके अन्तर्गत जाति व्यवस्था, आश्रम व्यवस्था, आमोद–प्रमोद के साधन, तीज–त्योहार, लोक प्रथाएं, रीति–रिवाज, लोक विश्वास एवं सामाजिक मान्यताएं इत्यादि आती हैं। समाज में विभिन्न प्रकार की जातियां रहती है, इन जातियों की विशेषताओं का बोध कराने वाली लोक कथाएँ भी स्थान–स्थान पर प्रचलित हैं। प्रत्येक जाति के मनो–विनोद के अलग–अलग साधन होते हैं, उनके कुछ जातीय तीज–त्योहार होते है। शादी–व्याह के अवसर पर भी भिन्न–भिन्न जातियों और प्रान्तों में कुछ भिन्न प्रकार की प्रथाएँ प्रचलित हैं जिनका वर्णन लोक–साहित्य में मिलता है।

सामाजिक जीवन के साथ ही धार्मिक परिस्थिति का चित्रण भी लोक साहित्य में विशेषकर–लोक गीतों में उपलब्ध होता है। यद्यपि नयी सभ्यता तथा शिक्षा के कारण हमारी प्राचीन धारणाओं और विश्वासों में परिवर्तन होने लगा है परन्तु लोक संस्कृति की सरिता आज भी अपनी अक्षुण्ण गति से प्रवाहित हो रही है। ग्रामीण स्त्रियां आज भी उसी प्रकार से व्रत रखती है और अपने अभीष्ट कामनाओं की सिद्धि के लिए देवताओं की पूजा करती है, जिस प्रकार से प्राचीन काल में की जाती थी। पुरुष वर्ग भी अपने धार्मिक भावनाओं और विधि–विधानों को संजोकर थाती के समान सुरक्षित रखे हुए हैं। यही कारण है कि भारत मे अनेक राजनैतिक उथल–पुथल हुए, अनेक क्रान्तियां हुईं परन्तु हमारे धार्मिक–विचार धाराओं में कुछ परिवर्तन नहीं हुए। व्रत के गीतों में कहीं सूर्य की पूजा उपलब्ध होती है तो कहीं शीतला माता की। शिव के पूजा का उल्लेख अनेक गीतों में पाया जाता है। किसी भक्त स्त्री के शिव मंदिर मे जाने का यह वर्णन कितना सुन्दर है :–

चल देखि आई भोला के लाल गली,
केहू चढ़ावेला अच्छत चंदन
केहू चढावेला सुन्दर चूनरी।

ग्रामीण जनता का जीवन धर्म से ओत–प्रोत है जिसका दर्शन लोक गीत और लोक कथाओं में सर्वत्र पाया जाता है। लोक विश्वास एवं मान्यताओं से निर्मित लोक संस्कृति तंत्र–मंत्र, टोना–टोटका, शकुन–अपशकुन को अपने में समेटे हुए है। पशु–पक्षी, देवी–देवता, डीह, सैयद, पीर–शैतान, भूत–प्रेत सभी को स्थान मिला है। इसके अतिरिक्त लोक–साहित्य मे अखिल भारतीय देवी–देवताओं, तीर्थ स्थलों, पवित्र नदियों, पर्वतों, वनों आदि का वर्णन भी मिलता है, जो लोक–संस्कृति की अभिव्यक्ति करता है।

लोक–साहित्य में सामान्य जनता की आर्थिक परिस्थिति का भी चित्रण बड़ी सुन्दर रीति से किया गया है। ग्रामीण जीवन मे जहाँ सुख और समृद्धि का सागर हिलारे मार रहा है, वहीं घोर निर्धनता, हीनता और दीनता का वीभत्स कंकाल भी दिखाई पड़ता है। जहाँ देहात की दुनिया मे धन–धान्य और वैभव का साम्राज्य दिखाई पड़ता है, वही दुःख गरीबी और भूख का भैरव नाद भी सुनाई पड़ता है। जहाँ झूमर के गीतों में सोने की थाली में भोजन करने और सुवर्णमय पात्रों से जल पीने का वर्णन उपलब्ध होता है वहीं टूटी हुई खाट और टपकते हुए छप्पर का मर्मस्पर्शी चित्रण हमारे हृदय को भर देता है। कहने का तात्पर्य यह है कि सुख–दुख, आशा–निराशा, विलास–वैभव, और दैन्य–दीनता के उभय पक्षों का वर्णन लोक–साहित्य में पाया जाता है। महर्घता के कष्टों से पीड़ित कोई ग्रामीण युवा कह रहा है कि महंगी के कारण पेट की ज्वाला से पीड़ित होने से 'विरहा' का गाना भूल गया। अब कजरी और कबीर के गीत भी अच्छे नहीं लगते। सुन्दरी युवती के उभरे हुए यौवनों को देखकर अब मेरे हृदय में पीड़ा भी नहीं होती –

महँगी के मारे विरहा विसरिया,
भूलि गइली कजरी कबीर।
देखि के गोरी के उभरल जोबनवा,
अब उठे न करेजवा में पीर ।।

सचमुच पेट की मार बड़ी जबरदस्त मार होती है जब पेट खाली होता है, तब साहित्य संगीत की चर्चा सूखी मालूम पड़ती है। इस तथ्य की अभिव्यक्ति आभीर युवक ने स्पष्टता से की है। ग्रामीण जीवन की सादगी और सरलता की प्रशंसा संस्कृत साहित्य में भी उपलब्ध होता है। देहाती दुनिया की सरलता पर मुग्ध होकर कोई कवि कहता है कि हे सुन्दरी! गँवई के लागे बड़े सुखी हैं वे साठी के चावल का मीठा भात खाते है, सरसों का साग और मीठी सजाव दही का स्वाद लेते हैं। इस प्रकार वे थोड़े से व्यय में मीठा तथा स्वादिष्ट भोजन करते है। हिन्दी के किसी कवि ने ग्रामीण जीवन का वर्णन करते हुए ठीक ही कहा है कि – थोड़े में निर्वाह यहाँ है,ऐसी सुविधा और कहाँ है।

लोक साहित्य में 'सर्वभूत हिताय' और 'सर्वजन सुखाय' की भावना प्रचुर परिमाण में पायी जाती है। गाँवों में परोपकार के लिए कुआँ खोदवाने, तालाब बनवाने और बाग लगवाने की प्रथा चिर काल से चली आ रही है। ऐसा कार्य जिससे दूसरे मनुष्यों को सुख मिले, ग्रामीण लोगों को अधिक प्रिय होता है। हमारी ग्राम–संस्कृति इन्हीं आदर्शो के सहारे सहस्रों वर्षों से अक्षुण्ण रीति से चली आ रही है और हमारे हृदय में 'सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः'' की उदात्त भावना को जाग्रत करती रही है।

निष्कर्ष – भारतीय संस्कृति का सच्चा एवं स्वाभाविक चित्रण लोकसाहित्य में प्राप्त होता है। कारण यह है कि प्रत्येक देश की भाँति भारतीय संस्कृति का मूल उत्स यहाँ के लोक जीवन में परिव्याप्त है। सच तो यह है कि लोक के संस्कार, परम्परागत विचार–व्यवहार से ही संस्कृति का निर्माण हुआ हैं। अतः संस्कृति को गहराई से समझने के लिए लोक साहित्य में गोते लगाना आवश्यक है। लोक साहित्य में जिस समाज का चित्रण है वह स्वस्थ, सदाचारी एवं धर्मभीरू है। जिस नीति की प्रतिष्ठा की गयी है वह कल्याण मार्ग की ओर ले जाने वाली है। मंगलमय पथ की प्रदर्शिका है। जिस धर्म का वर्णन किया गया है वह संसार में शांति तथा प्रेम का आदेश देता है। जिस आर्थिक संगठन का उल्लेख है वह पीड़ित तथा दलित मानवता के शोषण पर अवलम्बित नहीं है। जिस राजनीति का दिग्दर्शन है वह दलीय संघर्ष और विषाक्त वातावरण से कोसों दूर है। इसमे जनजीवन के दोनों पहलू सुख–दुख,आशा–निराशा, हर्ष–विषाद, अमीरी–गरीबी, प्रेम–कटुता का यथार्थ चित्रण प्राप्त होता है। लोक संस्कृति का जैसा दिव्य तथा अकृत्रिम प्रतिबिम्ब लोक साहित्य में उपलब्ध होता है वैसा अन्यत्र दुर्लभ है। लोक साहित्य की सांस्कृतिक दृष्टि विशालतम् है।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. डॉ॰ कृष्णदेव उपाध्याय, लोक संस्कृति की रूपरेखा, पृ.सं. 16
2. डॉ॰ कृष्णदेव उपाध्याय, लोक साहित्य की भूमिका, पृ.सं. 11
3. डॉ॰ द्विजराम यादव, डॉ॰ विजय कुमार ,लोक साहित्य विमर्श, पृ.सं. 145
4. डॉ॰ विजय कुमार ,भोजपुरी भाषा साहित्य और संस्कृति, पृ.सं. 55
5. बाबू गुलाब राय, भारतीय संस्कृति की रूपरेखा,
6. डॉ. सुरेश गौतम, डॉ. वीणा गौतम ,भारतीय साहित्य कोश, पृ.सं. 23
7. नन्दलाल कल्ला, हिन्दी का प्रादेशिक लोकसाहित्सय शास्त्र, पृ.सं. 88,89
8. राम विलास शर्मा, लोक साहित्य का लोकतंत्र, पृ.सं. 19

Anvesha The Horizon (UGC J.No.-64028)
ISSN : 2454-5430, Vol. XII (I) Jan-June 2019

''छात्र एवं छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन पर प्रभाव का अध्ययन''

पूजा सिंह*

शोध सारांश : प्रस्तुत शोध प्रबन्ध में शोधकर्त्री ने छात्र एवं छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि, का उनके समायोजन पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन किया है अध्ययन के उद्देष्य छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन पर प्रभाव का अध्ययन करना। छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन पर प्रभाव का अध्ययन करना एवं परिकल्पनाएं : छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन पर सार्थक प्रभाव नहीं है। छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन पर सार्थक प्रभाव नहीं है। शोधकर्त्री द्वारा न्यादर्ष के रूप में हाईस्कूल स्तर पर अध्ययनरत् विद्यार्थियों में से कुल 600 विद्यार्थियों को चयनित किया है। निष्कर्ष के रूप में पाया कि छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन पर प्रभाव में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है। छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन पर प्रभाव में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

महत्वपूर्ण शब्द : संवेगात्मक बुद्धि, समायोजन

प्रस्तावना :–

मानव के समग्र विकास में शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान है। शिक्षा छात्र के अन्दर मनुष्यत्व का निर्माण करती है। शिक्षा केवल साक्षर करने का माध्यम नहीं है वरन् वह बालक को शिक्षित करने के लिए होती है। शिक्षा बालक के अन्दर वैयक्तिक, वैज्ञानिक, नैतिक, शैक्षिक तथा आध्यात्मिक आदि मूल्यों के विकास के लिए होनी चाहिए। प्रत्येक मनुष्य की वैयक्तिक, वैज्ञानिक, मनोवैज्ञानिक तथा अवकाशकालिक सम्बन्धी अनेक आवश्यकताएं होती हैं। इनकी पूर्ति शिक्षा द्वारा ही सम्भव है। शिक्षा मानव विकास का मूल साधन है। शिक्षा के द्वारा मनुष्य की जन्मजात शक्तियों का विकास, उसके ज्ञान एवं कला कौशल में वृद्धि तथा उसके व्यवहार में परिवर्तन किया जाता है। शिक्षा ही वह माध्यम है जिसके द्वारा किसी मनुष्य को सभ्य, सुसंस्कृत एवं योग्य नागरिक बनाया जाता है। शिक्षा प्राप्त करके ही मानव श्रेष्ठ बन सकता है। हमारे देश में प्राचीन काल से ही शिक्षा प्राप्त करने की परम्परा रही है। भारतीय दर्शनों में ज्ञान शब्द वही अर्थ रखता है जो कि व्यापक अर्थों में शिक्षा का होता है। ज्ञान तत्वों के मूल्यों को समझने में समर्थ बनाता है। भारतीय दर्शनों में केवल सूचना अथवा तत्वों के लिए ज्ञान शब्द का प्रयोग नहीं होता। अमर कोष में ज्ञान तथा विज्ञान शब्दों का अन्तर स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि ज्ञान का विषय मुक्ति है जबकि विज्ञान का शिल्प और विविध शास्त्र। बुद्धि से सम्बन्धित विभिन्न अध्ययनों का अध्ययन करने के पश्चात् मैंने इस पक्ष पर ध्यान केन्द्रित किया कि संवेगात्मक बुद्धि के साथ–साथ समायोजन को जानना भी नितान्त आवश्यक है। अतः इस प्रकार हम कह सकते है समायोजन में संवेगात्मक बुद्धि के महत्त्व को समझना होगा तथा यह देखना होगा कि संवेगात्मक बुद्धि का प्रभाव समायोजन पर किस प्रकार पड़ता है तथा इन दोनों के मध्य क्या सम्बन्ध है। इसके द्वारा अपने व्यक्तित्व के विकास से हम समाज में अपनी भूमिका का सही निर्वहन कर सकेगें तथा अपना जीवन सार्थक बना सकेंगे।

प्रस्तुत शोध कार्य के निम्नवत् उद्देश्य हैं–

1. छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन पर प्रभाव का अध्ययन करना।
2. छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन पर प्रभाव का अध्ययन करना।

प्रस्तुत शोध की परिकल्पना :–

प्रस्तुत शोध में शोध व शून्य परिकल्पनाओं का निर्माण किया गया है।

1. छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन पर सार्थक प्रभाव नहीं है।

*शोध छात्रा पी–एच0डी0 (शिक्षा शास्त्र), के0एस0 साकेत पी0जी0 कॉलेज अयोध्या (उ0प्र0)

2. छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन पर सार्थक प्रभाव नहीं है।

परिसीमांकन :

1. वर्तमान अध्ययन में उत्तर प्रदेश राज्य के बाराबंकी जनपद हिन्दी माध्यम के हाईस्कूल स्तर के छात्र एवं छात्राओं का चयन किया गया है।
2. हाईस्कूल स्तर पर अध्ययनरत् छात्र एवं छात्राओं में से कुल 300 छात्र एवं 300 छात्राओं का चयन सरल यादृच्छिक न्यादर्श विधि द्वारा किया गया है।

सम्बन्धित साहित्य –

पूनिया, सैंगवान (2010) ने विद्यालयी बच्चों की भावात्मक बुद्धिमत्ता तथा सामाजिक अनुकूलन पर अध्ययन किया। अध्ययन में पाया कि बालकों की बुद्धिमत्ता व समायोजन क्षमता पर उनकी जाति, आय, पालकों के व्यवसाय आदि का प्रभाव पड़ता है। जिरॉक (2015) ने भावात्मक बुद्धि तथा सृजनात्मक चिंतन के मध्य सम्बन्ध का अध्ययन शैक्षणिक उपलब्धि के साथ किया। अध्ययन में पाया गया कि भावात्मक बुद्धि तथा शैक्षणिक योग्यता में सार्थक सम्बन्ध नहीं है। अरोरा (2016) ने किशोरों की सृजनात्मकता तथा भावात्मक बुद्धि के मध्य सम्बन्ध पर अध्ययन किया। परिणाम यह प्राप्त हुआ कि भावात्मक बुद्धि तथा सृजनात्मकता के मध्य मजबूत धनात्मक सहसम्बन्ध पाया गया। सिंह, विमल (2015) ने स्नातक स्तर के विद्यार्थियों के समायोजन एवं संवेगात्मक बुद्धि के मध्य सहसम्बन्ध का अध्ययन किया। निष्कर्ष के रूप से पाया कि स्नातक स्तर के सर्वाधिक 30 प्रतिशत विद्यार्थियों ने संतोषजनक समायोजन श्रेणी प्राप्त की तथा सबसे कम 13 प्रतिशत विद्यार्थी ऐसे रहे जिनकी समायोजन क्षमता उत्कृष्ट श्रेणी की पायी गयी। तोमर, जगत पाल सिंह एवं त्रिपाठी, बृजेश चन्द्र (2015) ने सह–शिक्षण संस्थाओं तथा बालिका विद्यालयों की छात्राओं के समायोजन का तुलनात्मक अध्ययन किया। निष्कर्ष के रूप में पाया कि शहरी क्षेत्र की सह–शिक्षण संस्थाओं तथा बालिका विद्यालयों की छात्राओं में समायोजन के सभी क्षेत्रों यथा–सांवेगिक, सामाजिक तथा शैक्षिक में वार्षिक अन्तर प्राप्त हुआ। कुमार, डॉ0 अरुण एवं गौतम पूजा (2016) ने स्नातक स्तर के छात्रावासीय एवं गैर छात्रावासीय विद्यार्थियों के समायोजन का एक तुलनात्मक अध्ययन किया। निष्कर्ष के रूप से पाया कि छात्रावासीय तथा गैर छात्रावासीय विद्यार्थियों के समायोजन में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है अर्थात् छात्रावासीय एवं गैर छात्रावासीय विद्यार्थियों का समायोजन एक समान है।

शोध विधि :

वर्तमान शोध अध्ययन हेतु शोधार्थिनी द्वारा वर्णनात्मक सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है। प्रस्तुत सर्वेक्षण शोध विधि के अर्न्तगत ''छात्र एवं छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का उनके समायोजन पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन'' का अध्ययन किया गया है।

न्यादर्श :

प्रस्तुत शोधकार्य में शोधकर्त्री द्वारा न्यादर्श के रूप में हाईस्कूल स्तर पर अध्ययनरत् छात्र एवं छात्राओं में से कुल 600 विद्यार्थियों (प्रत्येक विद्यालय से कुल 30 विद्यार्थी जिसमें 150 छात्र एवं 150 छात्राएं होंगी) का चयन सरल यादृच्छिक न्यादर्श विधि द्वारा शोध कार्य हेतु लिये गये है।

शोध अध्ययन में प्रयुक्त उपकरण :

प्रस्तुत अध्ययन हेतु शोधकर्त्री ने संवेगात्मक बुद्धि –अनकूल हायडे, संजयोट पेथे एवं उपिन्दर धर द्वारा निर्मित परीक्षण एवं समायोजन परीक्षण –ए0के0सिंह एवं ए0 सेन गुप्ता द्वारा निर्मित लिया गया है।

प्रस्तुत शोध में प्रयुक्त सांख्यिकीय विधियाँ :

प्रस्तुत शोध अध्ययन शोधकर्त्री ने आंकड़ो का आंकलन कर क्रान्तिक मान प्राप्त करके निष्कर्ष प्राप्त किया है।

आंकड़ों का संकलन, विश्लेषण एवं व्याख्या :–

शोधकर्त्री ने विभिन्न सांख्यिकीय विधियों द्वारा निष्कर्ष प्राप्त करने के लिए उनका विश्लेषण किया है। शोधकर्त्री ने आंकड़ों की गणना हेतु सर्वप्रथम प्राप्त प्रदत्तों के आधार पर प्रत्येक चर का मध्यमान ज्ञात किया, इसके पश्चात् प्राप्त मध्यमान के आधार पर प्रामाणिक विचलन निकाला, तत्पश्चात् छात्र एवं छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का उनके समायोजन के प्रभाव के अध्ययन हेतु सहसम्बन्ध गुणांक एवं क्रान्तिक मान का प्रयोग किया। प्राप्त परिणामों का सारणीयन व उनकी व्याख्या इस प्रकार है–

परिकल्पना संख्या–01 ''छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन पर सार्थक प्रभाव नहीं है'' का सत्यापन।

तालिका सं0 01

छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन पर प्रभाव का अध्ययन

क्रमसं0	समायोजन	N	M	S.D.	सहसम्बन्ध गुणांक	क्रान्तिक मान	सार्थकता
01	संवेगात्मक बुद्धि	300	131.69	10.29	0.0536	0.93	असार्थक
02	समायोजन	300	108.79	6.60			
A.	गृह समायोजन	300	21.20	3.32	–0.01531	0.26	असार्थक
B.	स्वास्थ्य समायोजन	300	21.57	3.37	–0.0338	0.58	असार्थक
C.	सामाजिक समायोजन	300	22.25	3.29	0.0577	1.00	असार्थक
D.	संवेगात्मक समायोजन	300	22.04	3.46	0.00553	0.09	असार्थक
E.	विद्यालयी समायोजन	300	21.72	2.98	0.00536	0.09	असार्थक

तालिका सं0 01 के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का परीक्षण प्राप्तांकों का मध्यमान 131.69 एवं मानक विचलन 10.29 ज्ञात हुआ तथा परीक्षण समायोजन का मध्यमान 108.79 एवं मानक विचलन 6.60 प्राप्त हुआ। छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन पर प्रभाव के बीच सम्बन्ध ज्ञात करने के लिए सह–सम्बन्ध गुणांक 0.0536 की गणना की। यह जानने के लिए कि माध्यमिक स्तर के विद्यालयों में अध्ययनरत् छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन पर प्रभाव पड़ता है अथवा नहीं, के लिए क्रान्तिक मान ज्ञात किया जो 0.93 प्राप्त हुआ, जो कि सार्थकता सारणी में देखने से ज्ञात होता है कि यह मान 1.96 एवं 2.56 से कम पाया गया। इस प्रकार कहा जा सकता है कि छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन पर प्रभाव में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का परीक्षण प्राप्तांकों का मध्यमान 131.69 एवं मानक विचलन 10.29 ज्ञात हुआ तथा परीक्षण समायोजन की विमा–गृह समायोजन का मध्यमान 21.20 एवं मानक विचलन 3.32 प्राप्त हुआ। छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा–गृह समायोजन पर प्रभाव के बीच सम्बन्ध ज्ञात करने के लिए सह–सम्बन्ध गुणांक –0.01531 की गणना की। यह जानने के लिए कि छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा–गृह समायोजन पर प्रभाव पड़ता है अथवा नहीं, के लिए क्रान्तिक मान ज्ञात किया जो 0.26 प्राप्त हुआ, जो कि सार्थकता सारणी में देखने से ज्ञात होता है कि यह मान 1.96 एवं 2.56 से कम पाया गया। इस प्रकार कहा जा सकता है कि छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा–गृह समायोजन पर प्रभाव में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का परीक्षण प्राप्तांकों का मध्यमान 131.69 एवं मानक विचलन 10.29 ज्ञात हुआ तथा परीक्षण समायोजन की विमा–स्वास्थ्य समायोजन का मध्यमान 21.57 एवं मानक विचलन 3.37 प्राप्त हुआ। छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा–स्वास्थ्य समायोजन पर प्रभाव के बीच सम्बन्ध ज्ञात करने के लिए सह–सम्बन्ध गुणांक –0.0338 की गणना की। यह जानने के लिए कि छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा– स्वास्थ्य समायोजन पर प्रभाव पड़ता है अथवा नहीं, के लिए क्रान्तिक मान ज्ञात किया जो 0.58 प्राप्त हुआ, जो कि सार्थकता सारणी में देखने से ज्ञात होता है कि यह मान 1.96 एवं 2.56 से कम पाया गया। इस प्रकार कहा जा सकता है कि छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा–स्वास्थ्य समायोजन पर प्रभाव में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का परीक्षण प्राप्तांकों का मध्यमान 131.69 एवं मानक विचलन 10.29 ज्ञात हुआ तथा परीक्षण समायोजन की विमा–सामाजिक समायोजन का मध्यमान 22.25 एवं मानक विचलन 3.29 प्राप्त हुआ। छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा–सामाजिक समायोजन पर प्रभाव के बीच सम्बन्ध ज्ञात करने के लिए सह–सम्बन्ध गुणांक 0.0577 की गणना की। यह जानने के लिए कि छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा–सामाजिक समायोजन पर प्रभाव पड़ता है अथवा नहीं, के लिए क्रान्तिक मान ज्ञात किया जो 1.00 प्राप्त हुआ, जो कि सार्थकता सारणी में देखने से ज्ञात होता है कि यह मान 1.96 एवं 2.56 से कम पाया गया। इस प्रकार कहा जा सकता है कि छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा–सामाजिक समायोजन पर प्रभाव में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का परीक्षण प्राप्तांकों का मध्यमान 131.69 एवं मानक विचलन 10.29 ज्ञात हुआ तथा परीक्षण समायोजन की विमा–संवेगात्मक समायोजन का मध्यमान 22.04 एवं मानक विचलन 3.46 प्राप्त हुआ। छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा–संवेगात्मक समायोजन पर प्रभाव के बीच सम्बन्ध ज्ञात करने के लिए सह–सम्बन्ध गुणांक 0.00553 की गणना की। यह जानने के लिए कि छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा–संवेगात्मक समायोजन पर प्रभाव पड़ता है अथवा नहीं, के लिए क्रान्तिक मान ज्ञात किया जो 0.09 प्राप्त हुआ, जो कि सार्थकता सारणी में देखने से ज्ञात होता है कि यह मान 1.96 एवं 2.56 से कम पाया गया। इस प्रकार कहा जा सकता है कि छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा– संवेगात्मक समायोजन पर प्रभाव में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का परीक्षण प्राप्तांकों का मध्यमान 131.69 एवं मानक विचलन 10.29 ज्ञात हुआ तथा परीक्षण समायोजन की विमा–विद्यालयी समायोजन का मध्यमान 21.72 एवं मानक विचलन 2.98 प्राप्त हुआ। छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा–विद्यालयी समायोजन पर प्रभाव के बीच सम्बन्ध ज्ञात करने के लिए सह–सम्बन्ध गुणांक 0.00536 की गणना की। यह जानने के लिए कि छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा–विद्यालयी समायोजन पर प्रभाव पड़ता है अथवा नहीं, के लिए क्रान्तिक मान ज्ञात किया जो 0.09 प्राप्त हुआ, जो कि सार्थकता सारणी में देखने से ज्ञात होता है कि यह मान 1.96 एवं 2.56 से कम पाया गया।

इस प्रकार कहा जा सकता है कि छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा–विद्यालयी समायोजन पर प्रभाव में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

अतः परिकल्पना संख्या–01 ''छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन पर सार्थक प्रभाव नहीं है''–स्वीकृत की जाती है।

छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन पर सार्थक प्रभाव नहीं है। इसके कई कारण हो सकते हैं–

1. छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का उनके समायोजन पर समान रूप है।
2. विद्यालयों में अध्ययनरत् छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि उनकी समायोजन की सभी विमाओं में उनके

आरेख सं0 01

छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन पर प्रभाव का आरेखीय प्रदर्शन



परिकल्पना संख्या–02 छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन पर सार्थक प्रभाव नहीं है'' का सत्यापन।

तालिका सं0 02

छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन पर प्रभाव का अध्ययन

क्रम सं0	समायोजन	N	M	S.D.	सहसम्बन्ध गुणांक	क्रान्तिक मान	सार्थकता
01	संवेगात्मक बुद्धि	300	131.51	10.55	–0.093	1.62	असार्थक
02	समायोजन	300	106.96	7.37			
A.	गृह समायोजन	300	20.53	3.62	–0.07904	1.37	असार्थक
B.	स्वास्थ्य समायोजन	300	20.72	3.59	–0.0915	1.75	असार्थक
C.	सामाजिक समायोजन	300	21.88	3.17	0.3946	0.68	असार्थक
D.	संवेगात्मक समायोजन	300	22.21	3.42	–0.0459	0.80	असार्थक
E.	विद्यालयी समायोजन	300	21.60	2.98	–0.013	0.22	असार्थक

तालिका सं0 02 के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का परीक्षण प्राप्तांकों का मध्यमान 131.51 एवं मानक विचलन 10.55 ज्ञात हुआ तथा परीक्षण समायोजन का मध्यमान 106.96 एवं मानक विचलन 7.37 प्राप्त हुआ। छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन पर प्रभाव के बीच सम्बन्ध ज्ञात करने के लिए सह–सम्बन्ध गुणांक –0.093 की गणना की। यह जानने के लिए कि छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन पर प्रभाव पड़ता है अथवा नहीं, के लिए क्रान्तिक मान ज्ञात किया जो 1.62 प्राप्त हुआ, जो कि सार्थकता सारणी में देखने से ज्ञात होता है कि यह मान 1.96 एवं 2.56 से कम पाया गया। इस प्रकार कहा जा सकता है कि छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन पर प्रभाव में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

छात्रों की संवेगात्मक बुद्धि का परीक्षण प्राप्तांकों का मध्यमान 131.51 एवं मानक विचलन 10.55 ज्ञात हुआ तथा परीक्षण समायोजन की विमा–गृह समायोजन का मध्यमान 20.53 एवं मानक विचलन 3.62 प्राप्त हुआ। छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा–गृह समायोजन पर प्रभाव के बीच सम्बन्ध ज्ञात करने के लिए सह–सम्बन्ध गुणांक –0.07904 की गणना की। यह जानने के लिए कि छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा–गृह समायोजन पर प्रभाव पड़ता है अथवा नहीं, के लिए क्रान्तिक मान ज्ञात किया जो 1.37 प्राप्त हुआ, जो कि सार्थकता सारणी में देखने से ज्ञात होता है कि यह मान 1.96 एवं 2.56 से कम पाया गया। इस प्रकार कहा जा सकता है कि छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा–गृह समायोजन पर प्रभाव में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का परीक्षण प्राप्तांकों का मध्यमान 131.51 एवं मानक विचलन 10.55 ज्ञात हुआ तथा परीक्षण समायोजन की विमा–स्वास्थ्य समायोजन का मध्यमान 20.72 एवं मानक विचलन 3.59 प्राप्त हुआ। छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा–स्वास्थ्य समायोजन पर प्रभाव के बीच सम्बन्ध ज्ञात करने के लिए सह–सम्बन्ध गुणांक –0.0915 की गणना की। यह जानने के लिए कि छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा– स्वास्थ्य समायोजन पर प्रभाव पड़ता है अथवा नहीं, के लिए क्रान्तिक मान ज्ञात किया जो 1.75 प्राप्त हुआ, जो कि सार्थकता सारणी में देखने से ज्ञात होता है कि यह मान 1.96 एवं 2.56 से कम पाया गया। इस प्रकार कहा जा सकता है कि छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा– स्वास्थ्य समायोजन पर प्रभाव में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का परीक्षण प्राप्तांकों का मध्यमान 131.51 एवं मानक विचलन 10.55 ज्ञात हुआ तथा परीक्षण समायोजन की विमा–सामाजिक समायोजन का मध्यमान 21.88 एवं मानक विचलन 3.17 प्राप्त हुआ। छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा–सामाजिक समायोजन पर प्रभाव के बीच सम्बन्ध ज्ञात करने के लिए सह–सम्बन्ध गुणांक 0.03946 की गणना की। यह जानने के लिए कि छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा–सामाजिक समायोजन पर प्रभाव पड़ता है अथवा नहीं, के लिए क्रान्तिक मान ज्ञात किया जो 0.68 प्राप्त हुआ, जो कि सार्थकता सारणी में देखने से ज्ञात होता है कि यह मान 1.96 एवं 2.56 से कम पाया गया। इस प्रकार कहा जा सकता है कि छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा–सामाजिक समायोजन पर प्रभाव में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का परीक्षण प्राप्तांकों का मध्यमान 131.51 एवं मानक विचलन 10.55 ज्ञात हुआ तथा परीक्षण समायोजन की विमा–संवेगात्मक समायोजन का मध्यमान 22.21 एवं मानक विचलन 3.42 प्राप्त हुआ। छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा–संवेगात्मक समायोजन पर प्रभाव के बीच सम्बन्ध ज्ञात करने के लिए सह–सम्बन्ध गुणांक–0.0459 की गणना की। यह जानने के लिए कि छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा–संवेगात्मक समायोजन पर प्रभाव पड़ता है अथवा नहीं, के लिए क्रान्तिक मान ज्ञात किया जो 0.80 प्राप्त हुआ, जो कि सार्थकता सारणी में देखने से ज्ञात होता है कि यह मान 1.96 एवं 2.56 से कम पाया गया। इस प्रकार कहा जा सकता है कि छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा–संवेगात्मक समायोजन पर प्रभाव में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का परीक्षण प्राप्तांकों का मध्यमान 131.51 एवं मानक विचलन 10.55 ज्ञात हुआ तथा परीक्षण समायोजन की विमा–विद्यालयी समायोजन का मध्यमान 21.60 एवं मानक विचलन 2.98 प्राप्त हुआ। छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा–विद्यालयी समायोजन पर प्रभाव के

बीच सम्बन्ध ज्ञात करने के लिए सह संबंध गुणांक – 0.013 की गणना की। यह जानने के लिए कि छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा–विद्यालयी समायोजन पर प्रभाव पड़ता है अथवा नहीं, के लिए क्रांतिक मान ज्ञान किया जो 0.22 प्राप्त हुआ जो कि सार्थकता सारणी में देखने से ज्ञात होता है कि यह मान 1.96 एवं 2.56 से कम पाया गया। इस प्रकार कहा जा सकता है कि छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा–विद्यालयी समायोजन पर प्रभाव में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

अतः परिकल्पना संख्या–02 ' छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन पर सार्थक प्रभाव नहीं है''–स्वीकृत की जाती है।

छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन पर प्रभाव में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है। कई कारण हो सकते हैं–

1. छात्राओं में होने वाली संवेगात्मक प्रतिक्रियाओं में छात्राओं का रुझान प्रत्येक समायोजन की विमाओं में एकसमानता अध्ययन के परिणाम से पाया गया।
2. छात्राएं अपनी संवेगात्मक बुद्धि के कारण समायोजन की सभी विमाओं में समान रूप से प्रखर पायी गयी।

आरेख सं0 02

छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन पर प्रभाव का आरेखीय प्रदर्षन



प्रस्तुत शोधपत्र का निष्कर्ष :

1. छात्र एवं छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन पर प्रभाव नहीं है।
2. छात्र एवं छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा–कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।
3. छात्र एवं छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा– स्वास्थ्य समायोजन पर प्रभाव में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।
4. छात्र एवं छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा– प्रभाव में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।
5. छात्र एवं छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा– संवेगात्मक समायोजन पर प्रभाव में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।
6. छात्र एवं छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि का समायोजन की विमा–विद्यालयी समायोजन पर प्रभाव में कोई सार्थक सहसम्बन्ध नहीं है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. अरोरा, (2016). किशोरो की सृजनात्मकता तथा भावात्मक बुद्धि के मध्य सम्बन्ध पर अध्ययनपी–एच0डी0 (शिक्षाशास्त्र), एम0जे0पी0 रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली, पृ. सं0–164–167.
2. जिरॉक. (2015). भावात्मक बुद्धि तथा सृजनात्मक चिंतन के मध्य सम्बन्ध का अध्ययन IgnitedMinds, Vo.no.14(2), Pp.-541-546. Retrieved from http://ignited.in/I/a/57782.
3. कपिल, एच.के.(2004). अनुसंधान विधियाँ, भार्गव भवन आगरा. पृ.सं.–159.
4. गैरिट, हेनरी ई0. (1989). शिक्षा और मनोविज्ञान में सांख्यिकी, कल्याणी पब्लिशर्स नई दिल्ली, पृ.सं.–159.
5. जायसवाल, सीता राम (1993). ''व्यक्तित्व का मनोविज्ञान, विनोद पुस्तक मन्दिर आगरा–2 पृ.सं.–187.
6. पूनिया, ए. (2010). विद्यालयी बच्चों की भावात्मक बुद्धिमत्ता तथा सामाजिक अनुकूलन पर अध्ययन. International Journal of Multidisciplinary Education & Research, Vol-(9), N-1 Pp 5-7.

Anvesha The Horizon (UGC J.No.-64028)
ISSN : 2454-5430, Vol. XII (I) Jan-June 2019

महात्मा गाँधी, अहिंसा और लोकतंत्र

डॉ. सतीश सिंह[1]
डॉ. सत्यभूषण सिंह[2]

शोधसार

सत्य और अहिंसा के सर्वोच्च सिद्धान्तों में विश्वास रखने वाले गाँधी जी लोकतंत्र के हिमायती ही नहीं अपितु उसके महान प्रयोक्ता और भाष्यकार भी थे। वह ऐसे समाज का निर्माण करना चाहते थे जो व्यक्ति और समाज के जीवन के बीच किसी प्रकार का अवरोध न रहने दे। जहाँ तक आधुनिक जनतांत्रिक व्यवस्था का प्रश्न है उनके विचार अप्रचलित से प्रतीत हो, तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए क्योंकि वे शास्त्रहीन क्रांति के प्रणेता ही नहीं एक नई विश्व व्यवस्था के स्वप्न द्रष्टा भी थे। अपनी बहुचर्चित पुस्तक **'हिन्द स्वराज्य'** में उनके जो विचार प्रस्तुत किये गये हैं, वे उन्हें लोकतंत्र के नायक के रूप मे स्थापित करते हैं। उनमें संसदीय शासन प्रणाली को आलोचना का विषय बनाया गया है। चंपारण से लेकर नोआखाली तक उनके अहिंसक प्रयोगों ने सिद्ध कर दिया है कि वास्तव में उनका जीवन ही उनका **'सर्वोत्तम संदेश'** था।

कुंजी शब्द– सत्य, अहिंसा, लोकतन्त्र।

प्रतिनिधियों द्वारा शासन की नीतियों का निर्धारण और कार्यान्वयन वर्तमान युग में लोकतंत्र का स्वरूप माना जाता है। विचारणीय है कि गाँधी जी क्या इस रूप में लोकतंत्र को स्वीकार करते हैं या नहीं। उन्होंने इस व्यवस्था के स्थान पर किस प्रकार के तंत्र को आदर्श माना और उसका आधार क्या था? इसमें संदेह नहीं है कि गाँधी जी अपने विचारों तथा कार्यक्रमों को सदैव सत्य और अहिंसा की कसौटी पर कसते थे। जहाँ सत्य अहिंसा के लिए कोई संशय उत्पन्न होता हो, वहां वे प्रचलित अथवा अप्रचलित, परंपरागत अथवा नवीन विचारों को स्वीकार नहीं करते थे। वे संख्या बल को भी प्रजातंत्र का आधार मानने में असमर्थ थे। उनका कथन था कि यदि एक व्यक्ति भी किसी विषय में अपनी असहमति प्रकट करता है, तो उसकी आपत्ति ध्यान दिया जाना चाहिए और उसे जोड़ा जाना चाहिए। बहुमत और अल्पमत के बीच टकराव को उन्होंने उचित नहीं माना। अपने प्रार्थना प्रवचनों में उन्होंने बार–बार इस बात पर बल दिया है कि बहुसंख्यक होने के कारण अल्पसंख्यकों की अवहेलना नहीं की जानी चाहिए। इसके पीछे उनका अहिंसा का सर्वविदित सिद्धांत ही था। वे बुद्ध के इन वचनों को ही अपने शब्दों, कार्यों और व्यवहार से प्रस्तुत एवं प्रचारित करते रहे– "वैर वैर से शांत नहीं होता है, क्रोध को शांति से जीतो।"

गाँधी जी की मान्यता थी कि शस्त्र बल और जबरदस्ती का भय ही लोगों के बीच अविश्वास और डर उत्पन्न करता है। इसी प्रकार विघटनकारी शक्तियाँ समाज को छिन्न–भिन्न कर देती हैं। अहिंसा का अर्थ है संख्या, बल का नहीं प्रेम, पारस्परिक विश्वास और सहयोग की भावना सारे समाज को प्रेरणा दे सके। यदि ऐसा वातावरण बन पाता तो न तो अंग्रेजों की कूटनीति सफल हो पाती और न देश का विभाजन ही होता। आत्मविश्वास, घृणा और द्वेष का शमन अहिंसा से ही संभव है स्वातन्त्र्य पूर्व भारत में मुसलमानों

1. असि.प्रोफेसर,वाणिज्य विभाग,किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बहराइच
2. असि.प्रोफेसर,मध्य इतिहास विभाग,किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बहराइच

सिखों और हरिजनों को उकसाकर अंग्रेजों ने गाँधी जी के नेतृत्व में लड़े जाने वाले राष्ट्रीय जन संग्राम को विफल करने का षड्यंत्र किया था। गांधीजी की दूरदर्शिता, तपस्या और बलिदान के फलस्वरूप वे इसमें सफलता नहीं पा सके। यह इस बात को प्रमाणित करता है कि अहिंसा के बिना लोकतंत्र की नींव पक्की नहीं हो सकती। गाँधी जी कहते हैं 'अहिंसा व्यापक वस्तु है हम हिंसा की होली के बीच घिरे हुए प्राणी है।' इस स्थिति में रहते हुए गाँधी जी ने अहिंसा की साधना शुरू की थी राजनीति के क्षेत्र में सत्य, साध्य और अहिंसा को 'साधन' के रूप में अपनाया था। व्यक्तिगत जीवन और सार्वजनिक जीवन में भेद करने का जो प्रचलित सिद्धांत था, उसका परित्याग करके वे लोकतंत्र के मूल तक पहुंचे थे। उनके पास यही अचूक अस्त्र था, जिससे उन्होंनें अपने विरोधियों को अपने वश में किया।

विश्वविख्यात पत्रकार लुई फिशर ने गाँधीजी के विषय में कहा है 'सीधे संपर्क, क्रियाशीलता, उदाहरण तथा संसार भर में उपेक्षित कुछ सरल सिद्धांतों के प्रति वफादारी, इनके द्वारा वे जनता के पास पहुंचते थे।' उनके सिद्धांत थे अहिंसा, सत्य तथा साध्य के ऊपर साधन की श्रेष्ठता। स्पष्ट है कि गाँधी जी के विचारानुसार वास्तविक लोकतंत्र की स्थापना और संचालन के लिए अहिंसा का विचार एवं आचरण आवश्यक ही नहीं सर्वोपरि था। वे वर्ग विद्वेष और वर्ग संघर्ष के सिद्धांत में रंचमात्र भी विश्वास नहीं करते थे। इसी सिद्धान्त ने वास्तव में आधुनिक लोकतंत्र की परिभाषा में महत्वपूर्ण परिवर्तन किया है। पश्चिम से जो परिभाषायें लोकतंत्र की हमने सीखी है, उनमें से बेथम की दी हुई परिभाषा के अनुसार कल्याणकारी राज्य का मुख्य उद्देश्य है अधिकतम संख्या का अधिकतम हित। इसमें संदेह नहीं है कि इस उपयोगितावादी विचारक ने पुलिस राज्य को कल्याणकारी राज्य में परिवर्तित करने की प्रेरणा दी थी किंतु लगभग एक शताब्दी बाद गाँधी ने जब समाज और राज्य का नया स्वप्न सजाया तब उनका दृष्टिकोण आधुनिक न होकर सार्वभौमिक और शाश्वत सिद्धांतों पर आधारित था।

चुनाव पद्धति के अनुसार लोकतंत्र की स्थापना राजतंत्र का मात्र ढांचागत परिवर्तन है। उसमें व्यक्ति और शासन के बीच कोई भावनात्मक और प्रत्यक्ष संबंध नहीं दिखलाई पड़ता। व्यवस्था का संचालन करने वाले संख्या बल पर नियामक के आसन पर बैठ जाते हैं। उसके बाद वे अपनी धारणाओं और मान्यताओं के अनुसार शासन का उपयोग करते हैं। धीरे–धीरे यह सब इतना औपचारिक बन चुका है कि मनुष्य और मनुष्य के बीच एक खाई पैदा हो गई है। इसको मारने का काम गांधी जी की ही दृष्टि से किया जा सकता है। वास्तव में करोड़ों की संख्या में मतदाता अपने मनमाफिक प्रतिनिधियों का चुनाव करने के बाद तटस्थ दर्शक बनकर यह देखते रहने के लिए विवश हो जाते हैं कि तथाकथित जन प्रतिनिधि सत्ता का प्रयोग किन उद्देश्यों से और किस प्रकार कर रहे हैं। इस निराशाजनक स्थिति को बदलने के लिए लोकनायक जयप्रकाश नारायण जैसे विचारक सुझाव देते हैं कि स्विस व्यवस्था के अनुसार भारत में भी प्रतिनिधियों को चुनने के साथ–साथ उनको वापस बुलाने और दूसरा प्रतिनिधि चुनने का भी अधिकार मतदाताओं को दिया जाना चाहिए। यह सुझाव बार–बार हमारे देश में काफी दिनों से दोहराया जा रहा है। निश्चित रूप से कुण्ठा की स्थिति तक पहुँचे हुए लोकतंत्रवादी के लिए यह आकर्षण और आश्वस्त करने वाला विचार लगता है, यद्यपि इस छोटे से परिवर्तन के लिए भी सत्ता लोलुप राजनेता तैयार होते नहीं दिखलाई पड़ते। प्रश्न यह है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को अहिंसा किस प्रकार मानवीय रूप प्रदान कर सकती है ? गाँधी जी के 'यंग इंडिया' में 3 जून 1926 ई॰ को लिखा था "सर्वोच्च कोटि की स्वतंत्रता के साथ सर्वोच्च कोटि का अनुशासन और विनय होता है।" अनुशासन और विनय से मिलने वाली स्वतंत्रता को कोई छीन नहीं सकता। संयमहीन स्वच्छन्दता संस्कारहीनता की द्योतक है। उसमें व्यक्ति की अपनी और पड़ोसियों की भी हानि होती है। वे पुनः लिखते हैं कि "अनुशासन और विवेकयुक्त जनतंत्र दुनिया की सबसे सुंदर वस्तु है, लेकिन राग–द्वेष, अज्ञान और अंधविश्वास आदि दुर्गुणों से ग्रस्त जनतंत्र अराजकता के गड्ढे में गिरता है।" गाँधी जी के ही शब्दों में सच्ची लोकशाही केंद्र में बैठे हुए बीस आदमी नहीं चला सकते वह तो नीचे से हर एक गांव के लोगों द्वारा चलायी जानी चाहिए।

स्पष्ट है कि लोकतंत्र में व्यक्ति और समाज के चरित्र में भी आमूल चूल परिवर्तन की आवश्यकता होती है। भारत जैसे विशाल देश में गाँव से दिल्ली तक मानवीय प्रयत्नों की अपेक्षा है। केवल केंद्रीकृत सत्ता हजारों किलोमीटर के क्षेत्र में फैले हुए समाज को नियंत्रित और संचालित नहीं कर सकती। गाँधीविचार का एक मूल तत्व है सत्ता का विकेंद्रीकरण। जब तक गांव एक समुदाय के रूप में विकसित और संगठित नहीं होता है तब तक प्रजातंत्र की आत्मा नहीं जागेगी। केंद्र में बैठे हुए सत्ताधारी साधनों पर निर्भर करते हैं। उनके मस्तिष्क और हाथ पैर नौकरशाही के रूप में क्रियाशील होते हैं। यह नौकरशाह बड़ी ऊँची बातें करते हैं किंतु इनकी मानसिकता लोकतंत्र के अनुकूल नहीं होती है। एक प्रकार का निर्देशित राजतंत्र ही अस्तित्व में आ पाया है। जिसके पक्ष में काल्पनिक अच्छाइयों का उद्घोष किया जाता है। संसाधनों को बटोरने के नाम पर सामुदायिक जीवन में भी शासन और प्रशासन के हस्तक्षेप के कारण दंड ही राज्य का आधार बन गया है। गाँधी जी स्वावलम्बी और सहयोगी ग्राम का आदर्श लेकर आए थे। ग्राम में बुनियादी तालीम की योजना लागू कराने का प्रयत्न उन्होंने किया। डॉ जाकिर हुसैन, आचार्य विनोबा भावे, धीरेंद्र मजूमदार आदि ने श्रमाधारित जीवन के विविध पक्षों पर अनेक प्रयोग किये और एक नई हवा पैदा की। वह व्यवस्था ग्रामीण जनता में उत्साह और आत्मविश्वास उत्पन्न करने वाली थी, परंतु उसके पृष्ठभूमि में जो उदात्त जीवन दृष्टि थी, उसे आत्मसात् कर पाना कठिन प्रतीत होने लगा। उसी का परिणाम है कि समाज 'हुजूर' और 'मजूर' दो वर्गों में बँटता जा रहा हैं।

अहिंसात्मक समाज रचना में वैज्ञानिक यंत्रों का अधाधुंध प्रयोग भी बाधक बन गया है। यंत्रों का आविष्कार करने वाले वैज्ञानिक ने भूतदया की दृष्टि से यंत्रों का आविष्कार, परिष्कार और प्रयोग करना चाहा था। श्रम के भार से आक्रांत श्रमिक को राहत देने के उद्देश्य से जो नेक काम किया गया था, वही मनुष्य के शोषण का हथियार बन गया। गाँधीजी यंत्रों का प्रयोग उसी हद तक करने के पक्ष में थे, जिस हद तक मनुष्य को राहत दे सकें, न कि उसको बेरोजगार बना दें। ग्रामोद्योगों की उन्नति के साथ ग्रामीणों की पारस्परिक सहयोग वृत्ति का विकास होता, वे स्वदेशी की भावना से प्रेरित होते, एक दूसरे के उत्पादक कार्यों में भाग लेते, अपनी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति उपभोक्ता सामग्री के आदान–प्रदान से करते और पूंजी के जाल में न फंसते, तो अहिंसा लोकतंत्र को मजबूती देने का काम करती। छोटे–छोटे समूहों में संगठित समाज पारिवारिक भावनाओं का विकास करता। केंद्रीकृत अर्थव्यवस्था ने व्यक्ति को असहाय बना दिया। अब वैश्विक बाजार की परिकल्पना के चलते सुख–सामग्री पर गिने–चुने लोगों का प्रभुत्व बढ़ता जा रहा है और जनसाधारण दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भी परमुखापेक्षी बनता जा रहा है। इस लोकविरोधी अर्थव्यवस्था समाज को विखण्डित ही किया है। धन, साधन तथा सामग्री की मात्रा बढ़ने के साथ मनुष्य की भागीदारी का दायरा सिकुड़ता जा रहा है। इस प्रकार की विषमता मानवीय भावनाओं के ह्रास का कारण बनती जा रही है। हम इस दृश्चक्र में ना फंसते, यदि गाँधी जी की अहिंसा के सच्चे अर्थ को जानते और उसे कार्यरूप में परिणत कर पाते।

समाज के पिछड़े वर्गों को अपनी स्थिति सुधारने का अवसर देने की दृष्टि से महात्मा गाँधी का यह सुझाव बहुत महत्वपूर्ण सिद्ध हुआ कि वयस्क मताधिकार का नियम लागू किया जाय। समिति मताधिकार के स्थान पर सभी वर्गों के लोगों को समान रूप से मत देने का अधिकार देना अहिंसक क्रांति का संवाहक बन गया। लोकतंत्र में इस प्रकार का परिवर्तन अहिंसा के कार्य रूप में परिणत होने का उदाहरण है। वर्ग संघर्ष अथवा खूनी क्रांति को रोकने में इस प्रकार की राजनीतिक पहल का महत्वपूर्ण योगदान है। आज हम जिस समता और सामाजिक न्याय के तकाजे को पूरा करने में लगे हैं, वह ऐतिहासिक परिवर्तन का सूचक है।

गाँधी जी के आश्रम में एकादश व्रतों में अहिंसा का प्रथम स्थान है। एक प्रकार से शेष दस व्रत इस महाव्रत का विस्तार ही हैं। उन व्रतों को एक बार दोहरा लिया जाय:-

अहिंसा,सत्य,अस्तेय,ब्रह्मचर्य,असंग्रह,
शरीरश्रम, अस्वाद ,सर्वत्र भयवर्जन।
सर्वधर्मी समानत्व, स्वदेशी स्पर्श भावना,
हीं एकादश सेवावी नम्रत्वे व्रत निश्चये।।

बड़ी मार्मिक अभिव्यक्ति है मानव धर्म की इस व्रत माला में। अहिंसा सत्य के बिना निरुद्देश्य रह जाती है। अस्तेय यानी चोरी का त्याग। सभी प्रकार की हिंसा के मूल में संग्रह की वृत्ति ही कार्य करती है। धन संग्रह, अन्न संग्रह, बाल संग्रह, साधनों का संग्रह, ये सब तभी तक हितकर हैं जब तक अहिंसा से संयुक्त रहते हैं। अपने और पराये का भेद मनुष्य को सन्मार्ग से हटाकर कुमार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। अपरिग्रह की साधना पूर्ण तभी होगी जब मनुष्य श्रमशील बनेगा। शरीर में इतनी शक्ति होती ही है जो शरीर की आवश्यकताओं को पूर्ण कर सके। जीवन निर्वाह के लिए मनुष्य को अद्भुत क्षमताओं वाले हाथ, पैर और ज्ञानेंद्रियाँ और कर्मेंद्रियाँ प्राप्त है। इनका सदुपयोग, सत्कार्यों में होने से सबल और सार्थक बनती है। आस्वाद व्रत के बिना स्वस्थ और शुद्ध मन का होना असंभव है। सब धर्म इन नियमों का पालन करने की प्रेरणा मनुष्य मात्र को देते आये है। मानव धर्म की व्याख्या ही सब धर्मों का आधार है। अतः सर्वधर्म समभाव भी मनुष्य का स्वाभाविक कर्तव्य स्वदेशी सामुदायिक जीवन का आधार है। अपने जन्म स्थान, वास स्थान, कार्य स्थान और प्रभाव क्षेत्र से उसका रागात्मक संबंध होता ही है। यदि इस आत्मीय भाव को उद्दीप्त करने वाली सामग्री उसे सुलभ करायी जाय, तो वह मनुष्य को सार्थक एवं आनंददायक जीवन जीने की प्रेरणा देगी। हमारे जीवन में भूमि, धार्मिक स्थान, तीर्थों, नदियों और महापुरुषों का जो महत्वपूर्ण स्थान है, वह मात्र भौतिक वस्तुओं का नहीं, प्रत्युत जीवन्त उपकरणों का सुलभीकरण है। प्राचीन काल में इसी रूप में राष्ट्रभक्ति के संस्कार दिए जाते थे। गंगा, जमुना, सरयू, गोदावरी, कृष्णा, कावेरी आदि नदियाँ, हिमालय, विन्ध्य आदि पर्वत मालाएँ और महादेव, कृष्ण, राम आदि महापुरुष भारतीयता के प्रतीक थे। संपूर्ण भारतीय संस्कृति ने इन प्रतीकों का इतिहास और भूगोल के सहारे नवीकरण किया है। आधुनिक युग में नये भारत के निर्माण में गाँधी जी का वैसा ही महत्वपूर्ण योगदान है। गाँधी जी के रूप में भारतीय जन मानस ने नवीन युग का साक्षात्कार किया है।

अस्पृश्यता निवारण को गाँधी जी ने एकादश व्रतों में सम्मिलित किया। समाज का एक भाग अस्पृश्य बनकर मनुष्येतर श्रेणी में गिने जाने लगा था। इससे समाज का बल घटा और विखण्डन तेजी से होने लगा था। गांधी जी ने अहिंसा की साधना में इस व्रत को उचित स्थान दिया। उन्होंने हरिजनों को ऊपर उठने की प्रेरणा दी और संगठन की सबसे कमजोर कड़ी को सुदृढ़ बनाया। इसमें संदेह नहीं कि कानूनी तौर पर इसको सरकारी कार्यक्रम बनाया जा रहा है, परंतु सामाजिक सुदृढ़ीकरण में गाँधी जी की उदारता का प्रथम स्थान है। इस प्रकार हम देखते हैं कि लोकतंत्र में अहिंसा का प्रवेश गाँधी जी के रचनात्मक कार्यक्रमों का नतीजा है। इसी ऐतिहासिक अवदान के कारण जब यू॰एस॰ए॰ राष्ट्रपति कृतज्ञतापूर्वक उनको याद करता है तो हम हर्षित ही नहीं गर्वित भी होते हैं।

अहिंसा की साधना के ही फलस्वरूप गाँधी जी हिंसा ग्रस्त नोआखाली, बिहार और दिल्ली में **'एकला चलो'** का उदाहरण प्रस्तुत कर सके। स्वतंत्र भारत के प्रथम गवर्नर **जनरल लॉर्ड माउंटबेटन** ने उचित ही कहा था कि दंगाग्रस्त बंगाल में शांति स्थापना का जो महान कार्य महात्मा जी अकेले ही संपन्न कर सके, उसी प्रकार का सफल कार्य रक्त रंजित पंजाब में पचास हजार सहस्त्र सैनिक नहीं कर पाये थे। अशांति के बीच शांति की ज्योति जलाने वाले गाँधी जी का स्मरण सदैव प्रेरणाप्रद रहेगा।

स्वतंत्रता की लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभाने वाले राष्ट्र पुरुषों में नई सभ्यता और पुरातन संस्कृति को समन्वित करने का प्रयास किया था। परंपरागत धर्म और सामाजिक जीवन को पाश्चात्य प्रभाव से दूषित न होने देने का प्रयत्न ही नहीं किया गया, अपितु विश्वव्यापी सभ्यता का स्पृहणीय तत्वों को आत्मसात् करने का भी महाअभियान प्रसिद्ध जन नायकों, विद्वानों और समाजसेवियों द्वारा चलाया गया। इस कालखंड का अंतिम अध्याय महात्मा गाँधी जी के नेतृत्व में जोड़ा गया। दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद नीति के शिकार भारतीयों के सम्मानपूर्वक जीने का अधिकार दिलाने के सत्याग्रह का इतिहास रचने वाले गाँधी जी सन् 1915 ई॰ में जब स्वदेश पहुंचे, स्वतंत्रता की प्रबल आकांक्षा रखने वाले नेता और उनके अनुयायी अंग्रेजों की दासता से मुक्त होने के लिए अधीर हो रहे थे। लोकमान्य तिलक और गोपालकृष्ण गोखले जैसे नेताओं का जीवनकाल समाप्तप्राय हो चुका था लाला लाजपत राय और श्रीमती एनी बेसेण्ट होमरूल आंदोलन के साथ ही जलियांवाला बाग का भीषण नरसंहार देख चुके थे। गाँधी जी ने एक प्रकार

से इन सभी नेताओं का स्थान लेते हुए अहिंसा पर आधारित जनान्दोलन की बागडोर संभाली और चंपारन के निलहे गोरों के समक्ष भोले–भाले भारतीय किसानों को निर्भय होकर खड़े होना सिखलाया।

सन 1920 से लेकर 1947 तक का कालखण्ड भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में गाँधी युग के नाम से जाना जाता है। 1920,1924,1929,1930,1932–33 से 1935, 1940 और 1942 तक युगान्तरकारी स्थिति देश और विश्व में बनती चली गयी महात्मा गाँधी जनता के शीर्ष स्थानीय नेता के रूप में, प्रतिष्ठित होते चले गए। जब अंग्रेज क्रूरता और दमन से भारतीय जनमानस को प्रभावित नहीं कर सके, तो उन्होंने 'फूट डालो नीति' को अपना प्रमुख अस्त्र बनाया। सांप्रदायिकता, जाति भेद, प्रान्तीयता और विश्व राजनीति के अंतर्विरोधियों का सहारा लेकर अंग्रेजों ने जिन्ना, अंबेडकर, सिख नेताओं, ब्रिटिश भारत और देशी रियासतों को अपने–अपने स्वार्थ की सिद्धि के लिए राजनीति का सहारा लेने का अवसर ही नहीं दिया, अपितु अनेक प्रकार के प्रलोभन भी दिए। ऐसे विषाक्त वातावरण में गाँधी जी ने अपने मन, वाणी और तपश्चर्या से जो त्याग, बलिदान और मानवता के नवनिर्माण का मार्ग दिखलाया, उस पर चलने की प्रेरणा देते हुए उन्होंने एक आदर्श भारतीय का आदर्श अपने प्रिय भजन में स्पष्ट किया। उनका वह प्रिय भजन गुजरात के संत नरसिंह मेहता का दिया हुआ महामंत्र ही था। तनिक उसे भजन में वर्णित 'वैष्णव जन' पर ध्यान दें–

'वैष्णो जन तो तेने कहिए, जे पीड पराई जाने रे।
पर दुःख उपकार करे तोये, मन अभिमान ना आणे रे।।'

यह उस अहिंसक वीर की आदर्श मूर्ति है, जो लोकतंत्र का पहरी बनकर नये राष्ट्र का निर्माण करने के लिए सन्नद्ध था। गाँधी जी स्वयं इसका उदाहरण थे।

यह मानने के लिए पर्याप्त कारण है कि महात्मा गाँधी केवल स्वतंत्रता की लड़ाई ही नहीं लड़ रहे थे, अपितु भारत के भविष्य को साकार करने की युक्ति भी जुटा रहे थे। उनका रचनात्मक कार्यक्रम इसका साक्षी है। वे 'नमक की महत्ता' जानते थे, वे भविष्य का स्वर्णिम चित्र ही नहीं देख रहे थे, बल्कि इसका स्पष्ट दर्शन भी कर और करा रहे थे, तभी उन्होंने काँग्रेस को नई परिस्थितियों में अपना भावी स्वरूप निर्धारित करने के लिए आचार्य नरेंद्रदेव जैसे विश्व विख्यात समाजवादी चिन्तक को अध्यक्ष के रूप में स्वीकार करने का सुझाव भी दिया था। उसके बाद देश ने गाँधी जी को भुलाने में ही अपना समय गँवाया है। संभव है कोई समय आये जब अहिंसा की संयोजकशक्ति को पहचाना जाए।

संदर्भ–ग्रंथः

1. महात्मा गाँधी : सत्य के प्रयोग (आत्मकथा)
2. महात्मा गाँधी : मेरे सपनोँ का भारत
3. महात्मा गाँधीः सत्याग्रह इन साउथ अफ्रीका
4. काका साहब कालेलकरः गाँधीजी का रचनात्मक क्रांति शास्त्र (भाग–1,2)
5. क्रांति भाई शाह(संपादक) : गाँधी जैसा देखा समझा विनोबा ने
6. काली किंकर दन्तः राजेंद्र प्रसाद
7. लुई फिशरः गांधी की कहानी
8. आश्रम पत्रिकाः आचार्य कृपालानी स्मृति अंक मई–जून 1982
9. प्यारे लाल भाई : महात्मा गाँधी पूर्णाहुति खण्ड 1 ,2 ,3 व 4
10. महादेव देसाई : गाँधी जी के साथ पचीस वर्ष
11. यंग इंडिया का आचार्य नरेंद्र देव अंक
12. जय प्रकाश नारायण की जीवनी तथा विचार

Anvesha The Horizon (UGC J.No.-64028)
ISSN : 2454-5430, Vol. XII (I) Jan-June 2019

संसार और मृत्यु की सत्यता

डॉ० अर्चना निगम*

शोधसार

भारतीय दर्शन एवं प्राचीन मान्यताओं के आधार पर मनुष्य को संसार का सर्वोत्तम प्राणी माना गया है।, यह धर्मग्रन्थों में वर्णित है कि विभिन्न जन्मों के उपरान्त जब प्राणी के पास अधिकतम् अच्छे कर्मों का संग्रह हो जाता है तो उसे मनुष्य का शरीर प्राप्त होता है। जन्म और मृत्यु जीवन की बहुत महत्वपूर्ण विशेषताएँ हैं, जो उसके जीवन के लक्ष्य और उद्देश्य को निश्चित करते हैं। मृत्यु के उपरान्त भारतीय दर्शन में पुनर्जन्म को भी महत्ता प्रदान की गयी है जिसके आधार पर उसके पूर्व जन्म की स्थिति को सुनिश्चित किया जा सकता है। संसार वह महत्वपूर्ण स्थल है, जहॉ मानव अपनी समस्त क्रियाओं का निष्पादन करना है, यही पर वह अपने सामाजिक नैतिक एंव मानवीय सम्बन्धों का निर्वहन करता है। मनुष्य के जन्म के साथ ही उसकी मृत्यु भी सुनिश्चित हो जाती है। मृत्यु वह व्यवस्थित प्रबन्धन है, जिसके द्वारा अगले जन्म की प्रक्रियाओं को सुनिश्चित किया जाता है, साथ ही मृत्यु प्राणी के जीवन का प्रवेश द्वार है।

कुंजी शब्द– संसार, मृत्यु, मृत्यु के प्रकार ।

आदर्शवादी दर्शन के अनुसार पंचतत्वों से निर्मित यह शरीर तब तक अपनी सार्थकता सिद्ध करता है जब तक उसमें आत्मा अथवा ब्रह्मतत्व निवास करता है इस तत्व के निकलने के पश्चात् शरीर का अस्तित्व समाप्त हो जाता है। शरीर में आत्मा का प्रवेश जन्म का प्रतीक है, जबकि आत्मा का निष्कासन मृत्यु है। महानतम् ग्रन्थ श्रीमद्भगवद्गीता में भी कहा गया है कि आत्मा अजर अमर है, यह जीवन और मृत्यु से परे है, जिस प्रकार मानव अपने कपडे बदलता है उसी प्रकार आत्मा भी शरीर बदलती रहती है। जिस प्रकार मनुष्य किसी भी वस्त्र को (भले ही वह कितना कीमती हो) बहुत दिनों तक नहीं पहन सकता उसी प्रकार आत्मा भी किसी शरीर में अधिक दिनों तक निवास नहीं कर सकती। मृत्यु को मनुष्य के जीवन के परिप्रेक्ष्य में उतना महत्व नहीं दिया जाता लेकिन मृत्यु की प्रक्रिया के आधार पर मनुष्य के जीवन की अवधारणा को सुनिश्चित किया जा सकता है, मृत्यु के प्रकारों की दृष्टि से मृत्यु को प्रमुख दो भागों में बांटा जा सकता है– स्वाभाविक मृत्यु तथा अस्वाभाविक मृत्यु।

- **स्वाभाविक मृत्यु** उसे कहा जाता है जो सामान्य परिस्थितियों में किसी मनुष्य की सामान्य जीवन अवधि के बाद सुनिश्चित होती है, सामान्यतया यह अवधि 76 वर्ष से 100 वर्ष (संन्यास आश्रम की अवस्था) के अन्तराल में निश्चित होती है। भारतीय दर्शन में मनुष्य के जीवन को चार आश्रमों में बांटा गया है, प्रत्येक आश्रम की अवधि 25 वर्षों की निश्चित की गयी है, इसी प्रकार यह भी निश्चित किया गया है, कि जब पुत्र का पुत्र हो जाये तो वानप्रस्थ आश्रम की तरफ उन्मुख हो जाना ही श्रेयस्कर है। इस प्रकार स्वाभाविक मृत्यु वह मृत्यु है जो संन्यास

प्रवक्ता शिक्षाशास्त्र, किसान पी.जी.कालेज,बहराइच

की अवधि में सम्पादित हो, साथ ही साथ मनुष्य रोगों से मुक्त हो। **अस्वाभाविक मृत्यु** सामान्यतः निम्न रूपों में परिलक्षित होती है–

- **हृदयघाती मृत्यु–** मृत्यु की यह दशा एक विशिष्ट प्रकार की दशा है जिसे सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है, इस मृत्यु में हमारा हृदय काम करना बन्द कर देता है। सामान्यतः यह देखा गया है कि बौद्धिक मनुष्यों, दार्शनिकों एवं अन्य महापुरूषों की मृत्यु हृदय से सम्बन्धित कारणों से हुई है।
- **अकाल मृत्यु–** जब किसी मनुष्य की मृत्यु सूखा, बाढ़ अथवा अन्य किसी प्राकृतिक आपदा से होती है तो इसे अकाल मृत्यु कहते हैं, मृत्यु की यह दशा सबसे भयानक एवं वेदनापूर्ण होती है।
- **दुर्घटना मृत्यु–** किसी मनुष्य की आकस्मिक दुर्घटना होना भी उसे मृत्यु तक पहुँचा सकता है, मृत्यु की दशा स्वयं मनुष्य एवं उसके परिजनों के लिए सर्वाधिक कष्टदायी है। प्रत्येक दुर्घटना भले ही मृत्यु की अवस्था तक नहीं पहुँचे फिर भी किसी अंग में असाधारण विकार आ जाना भी मृत्यु के समान ही है।
- **मृत्युदंड–** मृत्यु का यह सर्वाधिक दुखदायी एवं अपमानजनक स्वरूप है। यह मृत्यु मानव को तभी प्राप्त होती है जब उसकी कार्यशैली इतनी अधिक नकारात्मक हो कि उसका जीवित रहना निरर्थक हो जाए, इस परिस्थिति में उसे मृत्युदंड देकर उसके जीवन की समाप्ति की जाती है।
- **आत्माहत्या–** आत्माहत्या भी मृत्यु का सर्वाधिक प्रचलित प्रकार है। प्रसिद्ध समाजशास्त्री दुर्खीम महोदय ने आत्महत्या को मृत्यु से सम्बन्धित किया है जब मनुष्य किसी कारण से इतना अधिक परेशान हो जाये कि वह अपने को समाज से अलग समझने लगे तो ऐसी स्थिति में वह अपने जीवन की समाप्ति का निर्णय ले लेता है, यही आत्महत्या है।

जीवन तो उस बे दर्द मित्र की तरह है जो आपको किसी भी समय अपने से पृथक कर सकता है, लेकिन मृत्यु वह प्रभावी घटक है जो एक मित्र के समान सदैव आपको अंगीकृत करने के लिए तैयार रहती है। मृत्यु किसी व्यक्ति के जीवन की वह स्थायी सुनिश्चित एवं प्रभावी व्यवस्था है जो उसके पुर्नजन्म एवं वर्तमान जन्म से प्रभावी तरीके से सम्बन्धित है। मृत्यु की दशा एवं व्यवस्था ही मानव के जीवन एवं व्यक्तित्व को निर्धारित करती है अगर मृत्यु स्वाभाविक होती है तो सामान्यतः मनुष्य का जीवन आदर्श एवं व्यवस्थित तरीके से बीतता है।

हृदयघात के कारण होने वाली मृत्यु में यह देखा गया है कि इसमें मनुष्य का रक्तचाप अत्यधिक उच्च/निम्न होता है इसलिए ऐसी मृत्यु का वरण करने वाले मनुष्य प्रायः अन्तर्मुखी व्यक्तित्व वाले होते है। ऐसे मनुष्य जो अपने जीवन की अवधि में समाज को दिशा देने का कार्य करते थे तथा सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक चिन्तन में अपनी कार्य शैली को सुनिश्चित करते थे। व्यक्तित्व की विशेषता के आधार पर यह मृत्यु प्रायः दार्शनिकों एवं विचारकों को प्राप्त हुई है।

अकाल मृत्यु के कारण होने वाली मृत्यु में यह देखा गया है कि यह प्रायः उन व्यक्तियों से सम्बन्धित होती है जिनका जीवन मध्यवर्गीय होता है अर्थात् वे गरीब एवं कम बौद्धिक स्तर के होते हैं। इस मृत्यु का कारण व्यक्ति स्वयं नहीं होता बल्कि प्राकृतिक आपदायें इसके लिए जिम्मेदार होती है जैसे अक्टूबर 2013 में आये तूफान में अनेक मछुआरों की मृत्यु हुई। अकाल मृत्यु से मरने वाले व्यक्तियों में भारतीय दर्शन के अनुसार, सतोगुणी एवं तमोगुणी दोनों का समन्वय होता है, शायद यही कारण है कि बार–बार बाढ़ आने के पश्चात् भी ऐसे परिवारों के जीवित सदस्य अपनी भूमि से चिपके रहते हैं।

दुर्घटना मृत्यु मनुष्य की उस प्रवृत्ति से सम्बधित है जो पूर्णतया ईश्वर के अधीन है। 'सावधानी हटी दुर्घटना घटी' का नियम भी पूर्णतः लागू नहीं होता क्योंकि जो अत्यधिक सावधान रहते हैं उनके साथ भी दुर्घटना होती है। प्रायः यह देखा गया है कि दुर्घटना उन्हीं के साथ सर्वाधिक होती है जो लापरवाह होते हैं, इसे भी व्यक्तित्व के मध्य वर्ग से सम्बधित किया जा सकता है। दुर्घटना में मरने वाले व्यक्तियों में प्रायः उग्रता, वाह्य दिखावा एवं दिवास्वप्न जैसे लक्षण पाये जाते हैं जो मध्यवर्गीय व्यक्तित्व के प्रमुख तत्व है। दण्डात्मक मृत्यु अथवा मृत्युदंड का वह रूप जो उन मनुष्यों से सम्बन्धित होता है जिसके

क्रियाकलाप पूर्णतः सामाजिकता के प्रतिकूल होते हैं, यह देखा गया है कि मृत्युदंड प्राप्त व्यक्ति प्रायः तमोगुण से युक्त होते हैं और उनमें सकारात्मक गुणों (प्रेम, अहिंसा, समन्वय, दया आदि) के स्थान पर नकारात्मक गुणों (हिंसा, क्रोध, झूठ, घृणा, लालच, क्रूरता आदि) की अधिकता पायी जाती है, सामान्यतः यह देखा गया है कि न्यायाधीश उसी व्यक्ति को मृत्युदंड देता है जिसमें विभिन्न नकारात्मक गुणों की अधिकता हो। अभी हाल ही में भारत एवं अन्य देशों में जिन व्यक्तियों को मृत्युदंड दिया गया, उन सबमें विभिन्न नकारात्मक गुणों की अधिकता थी। मृत्यु की प्रक्रिया मानवीय गुणों से पूर्णतः अन्तः सम्बन्धित है अगर किसी व्यक्ति की मृत्यु सामान्य एवं स्वाभाविक होती है तो निश्चित रूप से उसका बीता व्यक्तित्व अच्छा था।

मृत्यु वह अनिवार्य सत्य है जिसे प्रत्येक सजीव प्राणी अथवा मनुष्य को अवश्य ही प्राप्त करना है किन्तु कुछ ऐसे व्यक्ति भी होते है, जो मृत्यु को प्राप्त होने के पश्चात् भी अपने अतीत के कार्यों के आधार पर समाज में सदैव जीवित रहते हैं, वस्तुतः ऐसे व्यक्ति मृतक होकर भी सदैव जीवित रहते हैं। सामान्य रूप से जीवित व्यक्ति वह है जिसका कार्य एवं आचरण इस तरह का हो कि उसका अनुकरण प्रत्येक व्यक्ति करें, वह व्यक्ति जिसे समाज की आवश्यकता न हो तथा जो अपने आपको सर्वोच्च समझे वह व्यक्ति जीवित होते हुए भी मृतक के समान है। मृत्यु के सम्बन्ध में अथवा मृत्यु के पश्चात् क्या होता है इसका रहस्य अभी तक अनुत्तरित है किन्तु यह सार्वभौमिक एवं अनिवार्य सत्य है कि मृत्यु एक अनिवार्य एवं आवश्यक घटक है जिससे प्रत्येक प्राणी को सम्बन्धित होना पड़ता है। भय से मुक्ति अर्थात् अभय सिर्फ तभी सम्भव है, जब हमें सारी लौकिक प्रक्रिया के अन्तर्निहित रहस्य का ज्ञान हो जाये।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूचीः–

1– "उदीयमान भारतीय समाज में शिक्षा" डॉ० सोनी ओ०पी०, आलोकप्रकाशन, इलाहाबाद 2009

2– John Osteen 'DEATH & BE YOND Indian Evangelical Team & BN-0912631- 21-7 New Delhi (1985)

3– राधाकृष्णन एस०, भारतीय संस्कृति कुछ विचार, राजपाल एण्ड सन्स नई दिल्ली–2009

4– शिक्षा की दार्शनिक पृष्ठभूमि–Oad, L.K. (1983)] राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी जयपुर।

Anvesha The Horizon (UGC J.No.-64028)
ISSN : 2454-5430, Vol. XII (I) Jan-June 2019

भोज्य अपमिश्रण एक अभिशापः राष्ट्र एवं स्वास्थ्य के सन्दर्भ में

डॉ॰ तस्नीम फातिमा जैदी*

शोधसार

भोजन हमारी प्राथमिक आवश्यकता है, हमारे शरीर का स्वास्थ्य हमारे भोजन के प्रकार पर निर्भर करता है यदि हम पोषक तत्वों से युक्त स्वच्छ तथा बिना मिलावट का भोजन लेते है तो उस स्थिति में हमारा शरीर स्वस्थ एवं नीरोग रहेगा, लेकिन भोज्य पदार्थों में किसी भी प्रकार की मिलावट कर दी जाये तो हमारा शरीर जीर्ण हो जायेगा। आजकल इस प्रकार से मिलावट की जा रही है कि भोज्य पदार्थों के शुद्ध रूप को पहचाना मुश्किल हो गया है। अपमिश्रण अर्थात् मिलावट खाद्य पदार्थों में मिलावट से तात्पर्य भोज्य पदार्थों के मौलिक रूप तथा गुणों में अन्तर कर देना। मिलावट करने से भोज्य पदार्थों में प्राकृतिक रूप से मौजूद पौष्टिक तत्व नष्ट हो जाते है या कम हो जाते है कभी–कभी मिलावट होने के बाद खाद्य सामग्री ज्यादा सुन्दर प्रतीत होती है हालांकि यह सुंदर भोज्य सामग्री भी शरीर के लिए हानिकारक ही होती है। डॉ॰ रीना खनूजा ने अपनी पुस्तक आहार एवं पोषण विज्ञान में लिखा है "भोजन में न खाने योग्य पदार्थ तथा निम्न श्रेणी के भोज्य पदार्थों को मिलाना जिससे कि विक्रेता को अधिक आर्थिक लाभ हो परन्तु उपभोगकर्ता को आर्थिक नुकसान के साथ ही साथ स्वास्थ्य पर भी हानिकारक प्रभाव पडे, भोजन में मिलावट कहलाती है" "Food adulteration can be defined as the intenonal addition or substitution or abstraction of substances which adversely affect the nature substance & quality of foods". प्रस्तुत लेख में इसी अपमिश्रण पर विस्तृत प्रकाश डालने का प्रयास किया गया है।

कुंजी शब्द– भोज्य पदार्थ, मिलावट, स्वास्थ्य, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, उपभोक्ता, अनुच्छेद।

प्रस्तावना–

मिलावट का आरम्भ महायुद्धों के समय से हुआ उसके पश्चात् ही अकाल, बाढ़ आदि सभी खाद्य पदार्थों की कमी हो गई जिसके कारण निकृष्ट आधार मिलावट के रूप में सामने आया जिससे व्यापारियों को अधिक मुनाफा मिलने लगा जैसे जनसंख्या विस्फोट हुआ और भोज्य पदार्थों की पूर्ति के लिए मिलावट का सहारा लेना व्यापारियों को पसन्द आने लगा। उपभोक्ता प्रारम्भ में मिलावट के प्रति अज्ञान थे जिसका भरपूर लाभ व्यापारियों ने उठाया क्योंकि ये उपभोक्ता मिलावट के प्रति कोई विरोध भी नहीं करते थे। अनाज, दाल, अन्य खाद्य पदार्थों के साथ मसाले, चाय कॉफी आदि में भी विक्रेताओं का मिलावट तथा गुणवत्ता में कमी लाकर बेचने से उनको अधिक लाभ प्राप्त होने लगा। राष्ट्र के उत्तम स्वास्थ्य के लिए व्यक्ति का स्वस्थ होना आवश्यक है क्योंकि एक व्यक्ति–परिवार–समूह–समाज–राष्ट्र का निर्माण होता है इसलिए उत्तम स्वास्थ्य रखने के लिए उत्तम एवं शुद्ध आहार की आवश्यकता है, किन्तु मिलावट के कारण उत्तम शुद्ध आहार प्राप्त नहीं हो पाता है। श्रीमती आशा कुमारी ने अपनी पुस्तक आहार एवं पोषण विज्ञान में मिलावट को परिभाषित करते हुए कहा है कि 'खाद्य पदार्थों मे जब ऐसे पदार्थों को मिलाया जाये जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो अथवा भोज्य पदार्थ के अंश के

असि0 प्रोफसर गृह विज्ञान, किसान पी.जी.कालेज,बहराइच

सामान्य स्तर मे किसी प्रकार का परिवर्तन करे, आहार अपमिश्रण अथवा मिलावट कहलाता है।'

खाद्य में मिलावट का क्या आशय है ? खाद्य मिलावट निषेध अधिनियम 1954 के अनुसार निम्न अवस्थाओं के किसी भी खाद्य सामग्री को मिलावट वाली समझा जाएगा–

1. जब यह अपने असली रूप, आकार और गुणवाली न हो
2. यदि इसकी प्रक्रियाकरण में इसमें हानिप्रद तत्व उत्पन्न हो गये हो अथवा स्वतः ही पैदा हो गये हों।
3. यदि इसमें कुछ अन्य सस्ते पदार्थ मिला दिए गये हो अथवा स्वतः मिले हुये हों
4. इसका कोई सार तत्व निकाल लिया गया हो।
5. यदि इसे अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों में तैयार किया गया हो
6. यदि इसमें कीड़े, घुन आदि लग गये हो
7. यदि इसे किसी रोगी पशु से निकाला गया हो
8. यदि इसमें कुछ विषैले तत्व हों
9. जिस पैकिंग में उसे रखा गया हो उसकी सामग्री हानिप्रद हो गई हो
10. इसमें गैर अनुमोदित रंग हो
11. संरक्षण करने हेतु जिन चीजों को खाद्य में मिलाने की मनाही हो, उन्हें मिलाया गया हो
12. यदि यह निर्धारित स्तर के अनुरूप न हो।

यह अधिनियम 1 जून 1955 को प्रभावी हुआ था इसके नियमों को 1968 में और संशोधित किया गया खाद्य स्तर केन्द्रिय समिति (C.C.F.S) के आदेशानुसार, सभी श्रेणियों और वर्गों की खाद्य सामग्रियों का न्यूनतम स्तर निर्धारण का कार्य समय–समय पर संशोधित होता रहता है।

गुणवत्ता– मिलावट की प्रवृत्ति से होने वाले स्वास्थ्य के लिए, यह आवश्यक है कि बिक्री वाले सामान के गुणों की सख्ती के साथ जांच की जाती रहे। उपभोक्ता तो सामग्री का मूल्य,रंग और उसके अच्छे लगने के आधार पर ही उसकी गुणवत्ता स्वीकार कर लेता है मगर वास्तव में गुणवत्ता है क्या ? परिभाषा के द्वारा स्पष्ट होता है **"सामग्री अपने असली रूप में हो इसकी प्रकृति, प्रकार, तत्व, स्तर, श्रेणी अच्छी हो और अत्युत्तम हो।"** खाद्य पदार्थों का स्तर सरकार निर्धारित करती है ऐसे विभिन्न पदार्थों के रासायनिक तत्वों को खोजा गया है और उसी के आधार पर शुद्धता का कानूनी स्तर तय किया गया है खाद्य उत्पादनों की शुद्धता को इनके आधार पर ही परखा जाता है प्रयोगशालाओं में खाद्य पदार्थों का रासायनिक निरूपण होता है जिसे खाद्य रासायनिक कहते है। यहाँ वे यह भी जाँच करते हैं कि ये सभी निर्धारित आवश्यकता को पूरा करते है या नहीं, यदि निर्धारित स्तर से कम हो तो उन्हें मिलावटी समझा जाता है।

स्वास्थ्य संकट

शरीर की सामान्य क्रिया को घातक कोई भी चीज स्वास्थ्य संकट ला सकती है इन्हें निम्न प्रकार से वर्गीकृत करते हैं।

- बाहरी मिलावट
- फफूंद लगने से आयी खराबी
- धातु का कुप्रभाव
- पैकिंग से खराबी
- कीटनाशकों का दुष्प्रभाव

बाहरी मिलावट जानकारी के साथ की जाती है इससे उत्पन्न स्वास्थ्य संकट

रेत, संगमरमर के चूरे, मिट्टी, कूडा–करकट, कंकड आदि अनाज, मसालों, दालों में मिली पाई जाती है इससे दांत टूटने से लेकर पाचन तंत्र के कोमल भागों पर भी इनका दुष्प्रभाव पडता है।

- अबरख और खड़िया मिट्टी भी प्रायः आटे और मसालों में मिला दी जाती है। इन्हें पचाना संभव नहीं होता, इनसे गैस्ट्रो कैंसर हो सकता है।
- दूध, दही, पनीर आदि में गन्दा पानी मिलने से पाचन तन्त्र पर दुष्प्रभाव पडता है।
- चीनी की जगह विषैले पदार्थ जैसे सैक्रीन या साइकेल्मेट डल्साइन मिलाकर खाद्य को अधिक मीठा कर दिया जाता है। फलों में भी सेक्रीन के टीके लगा कर मीठा बना दिया जाता है।
- ऊपर से डालने वाली चीजों में जैसे सुगन्धि, रंग संरक्षण करने वाली चीजें, विष प्रतिरोधक तथा कीटाणु प्रतिरोधक प्रमुख इनका प्रयोग अति न्यूनतम होना चाहिए।
- एस्बेस्टोस का प्रयोग फल के रस के साथ करते है। यह एक रेशेदार सिलीकेट होता है इनसे आंत्र कैंसर होने का भय होता है।
- दुर्गन्ध वाले तेल का प्रयोग उत्तम तेलों में करना।
- खनिज तेल को खाने के तेलों में मिलाने से अधिक मात्रा में खाने से भी कैंसर हो जाता है।
- सूरजमुखी के बीजों को सरसों में मिला दिया जाता है ये बहुत विषैले तथा हानिप्रद सिद्ध हुए है दो तरह के अल्कोहली मिलने से इसका विषैलापन बढ जाता है। इस तेले के नियमित रूप से प्रयोग करने में गीती बेरी जैसी सक्रांमक बीमारी लग जाती है शरीर में फफोले पड जाते है जिनके फूटने से पानी रिसता दिखाई देता है आंत्रशोध के साथ यह रोग प्रारम्भ होता है, ग्लूकोमा हो जाता है, लीवर बढ जाता है कैंसर और श्वसननली के रोग भी जड़ पकड़ सकते हैं।
- केसरी दाल को अन्य दालों में मिला दिया जाता है। केसरी दाल के अधिक उपयोग से लेथीरिज्म हो जाता है।
- बाहरी बीज, छिलके, पत्तियों को रंग कर, चिकोरी के बीजों को पीसकर कॉफी पाउडर विषैले रंगों को मिलाने से वे सुंदर प्रतीत होते है विभिन्न आइस्क्रीम, पेस्ट्री, डेयरी उत्पाद, बिस्कुट, चॉकलेट, अचार मुरब्बा, कस्टर्ड, फल उत्पाद, मिठाई संरक्षित सब्जियां, रंगी जाती है जिससे अनेक रोग हो जाते हैं। जैसे– विकृत अस्थियां, नेत्रों, चर्म, फेफडो, अंडाशयों, मानसिक रोग, रक्तहीनता आदि।
- कोलतार रंगो को पूरी तरह बन्द किया गया है मगर फिर भी पीला रंग आइसकैंडी, फालूदा, दालों में, आरेंज रंग कराची हलुआ में, रोडेमाइन बी पिसी लाल मिर्च में, नीला वी॰आर॰एस॰ रंगीन मिठाई में, मैलाचाइट नारियल में मिला दिया जाता है।

फफूंद तथा कीटाणुओं के विषैलेपन से स्वास्थ्य को संकट

खेती उगने से लेकर उपभोग तक विभिन्न प्रक्रियाओं से होकर खाद्य पदार्थ गुजरते है इन्ही प्रक्रियाओं के बीच यदि गलत तरीके अपनाये जाये तो खाद्य विषैले होने में समय नहीं लगता है फंफूद–कीटाणु भी एक बडा खतरा बनते है जन स्वास्थ्य पर इसका सीधा असर होता है ऐसे पदार्थों को खाने से रोग उत्पन्न होगें भले ही कीटाणु नष्ट हो जाए। परिणाम स्वरूप नाड़ीतन्त्र तथा आतों से सम्बन्धित बीमारी हो जाती है।

धातु के दूषित होने से स्वास्थ्य संकट

धातुएं विषैली होती है अधिक दिनों तक कोई खाद्य पदार्थ रखने से वह विषैला हो जायेगा जिससे वमन, बेहोशी, उदर का दर्द आदि उत्पन्न हो जाते है।

- संखिया यह वायु, जलस्रोतों, मिट्टी में उपस्थित होता है यह कीटनाशको द्वारा मानव शरीर में पहुंचता है, नमक के रूप में पाचन तथा आतों तक पहुंच जाता है, सेब पर लेंड आर्सनेट का स्प्रे किया जाता है जो सुस्ती, ठंड, पक्षाघात तथा मृत्यु के लिए जिम्मेदार है।
- सीसी–पैंकिग करने में पहली प्लेट यदि सीसे युक्त हो, उससे संसर्ग होने पर जैसे– लैंड पाइपों से जिनसे पानी गुजरता हो, हल्दी में लैडक्रामेट युक्त का उपयोग करने पर, साइट्रिक एसिड का प्रयोग, फल–सब्जी पर पाउडर का प्रयोग सीसे युक्त कीटनाशको के प्रयोग से सीसा हमारे गुर्दे पर दुष्प्रभाव पडता है सिर का चकराना, रक्तहीनता, कब्ज आदि रोग हो जाते है। टिन, ताँबा, एल्यूमिनियम आदि धातुओं का प्रयोग किया जाता है। अधिक समय तक भोज्य पदार्थों को इनमें रखने में खाद्य पदार्थ विषैला हो जाता है खाने के 15–30 मिनट बाद ही इसका विषैलापन ज्ञात होने लग जाता है।

कीड़ों और कीटनाशकों के अवशिष्ट भाग से स्वास्थ्य संकट

कुतरने वाले तथा कीड़ो आदि से खाद्यों को सर्वाधिक हानि पहुचती है, साथ ही अपनी गन्दगी, बारवे बीट बाल आदि रोगवाहक तन्तुओं को भी खाद्य में ही छोडते जायेगें, कीटनाशक कानून किसी भी खाद्य में नहीं मिलाया जा सकता किन्तु निर्माता ऐसा करते है डी॰डी॰टी॰, बी॰एचसी॰ मैलाथिअन पायरेथ्रम जैसे जैविक कीटनाशक प्रयुक्त होते है खाद्य मिलावट अधिनियम द्वारा यह निर्धारण किया गया कि डी॰डी॰टी॰, बी॰एचसी॰ के लिए मात्रा 3 पी॰पी॰एम॰ रखी गई है।

फेरी वालों के द्वारा स्वास्थ्य पर कुप्रभाव

फेरीवाले स्कूलों के सामने खडे होकर बच्चों के स्वास्थ्य को संकट पहुचाने का कार्य करते है। एक सारणी द्वारा इसे समझा जा सकता है–

खाद्य का नाम	मिलावट	स्वास्थ्य को संकट
1.आम पापड	धूल,कीट, कीटाणु	चक्कर आना, वमन, दस्त,उदरशूल
2.बर्फ कैंडी	पीला रंग	स्वादहीनता
3.कराची हुआ	रोडीमिबी	कैंसर
4.रसगुल्ला	आरेज	यकृत, गुर्दा, झिल्ली में विकार
5.रंगीन मिठाइंया	नीला PRC	अस्थियां, चमड़ी, फेफडे विकार
6.चीनी सौंफ	औरामाइन	नेत्र रोग
7.नारियल	लकडी का बुरादा	पेट में जलन,
8.चूर्ण	रंग, अधिक शीसा	मानसिक अवरूद्धता
9.सुपारी	आरेंज II, औरामाइन, धूल, गुंठलियां	उपरोक्त रोग, उदर विकार
10.टॉफी, बिस्कुट	एंस्बेस्टस, खडियां, मिट्टी	उदर कैंसर
11.मूंग दाल	एंस्बेस्टस, पीला रंग	शरीर क्षय
12.मूंगफली	खमीर फंगस का विषैला तत्व	यकृत विकार, कैंसर

भोज्य पदार्थों की गुणवत्ता हेतु मानक

भारत सरकार ने सन् 1954 में खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोक हेतु कानून बनाये जिसे **खाद्य पदार्थ निषेध अधिनियम 1954** कहते है मैसूर में केन्द्रीय खाद्य तकनीकी अनुसन्धान संस्थान की स्थापना की गई। यहाँ मिलावटी खाद्य पदार्थों के परीक्षण किये जाते है भोज्य पदार्थों की गुणवत्ता का मानक तैयार करने हेतु **खाद्य एंव कृषि संगठन, विश्व स्वास्थ्य संगठन** संयुक्त तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय कोड एल्मेनटेनस कमीशन का गठन किया गया, इस कमीशन का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ता के स्वास्थ्य को बेहतर बनाये रखना है।

फल उत्पाद आदेश मानक (FPO) भारत सरकार ने सबसे पहले फल उत्पाद आदेश के बारे में जनता को जानकारी 1946 में दी थी। इस (सन् 1961) अधिनियम के तहत जो भी व्यक्ति या संस्था फल एवं सब्जी सम्बन्धी भोज्य पदार्थ तैयार करना चाहिए इसके लिए उत्पादकता को लाइसेंस लेना पडता है तैयार माल के नमूने को जॉच हेतु CFTRI, Mysore भेजता है यदि उत्पाद सभी निर्धारित मानकों के अनुरूप होता है तभी उसे बाजार में बेचने की अनुमति दी जाती है।

भारत में मुख्यतः दो मानक तैयार किये गये है, जो भोज्य पदार्थ की गुणवत्ता को बनाये रखने का कार्य करता है।

- **एगमार्क–** भारत सरकार के मार्केटिंग तथा निरीक्षण निदेशालय ने मानक तैयार किये है, एगमार्क चिह्न मुख्यतः भोज्य पदार्थ के भौतिक एवं रासायनिक विशेषताओं, इसमें उपस्थित पौष्टिक तत्वों की मात्रा आदि के आधार पर दी जाती है। सभी कृषि उत्पादों को यह एगमार्क का चिन्ह दिया जाता है। जैसे– खाद्य तेल, घी मक्खन, अंडा, मसाले आदि।
  एगमार्क चिन्ह का अर्थ है कि खाद्य वस्तु अपेक्षित गुणवत्ता का है तथा इसके प्रयोग से उपभोक्ता के स्वास्थ्य को किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं होगा। यह व्यापार को बढ़ाने के लिए भी उत्तम एवं लाभदायी है।
  कृषि **उत्पादों के ग्रेडिग तथा मार्केटिंग अधिनियम 1937** के अनुसार सभी भोज्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं पौष्टिकता को बनाये रखने के लिए एक निश्चित मानक तैयार किया गया है।
- **भारतीय मानक संस्थान प्रमाण चिन्ह योजना (ISI)** इसकी शुरूआत ISI Certification Mark Act. 1952 के अन्तर्गत की गई थी। 1961 में इसमें कई सुधार किये गये। इसके द्वारा केवल उन्हीं उत्पादको को लाइसेंस दिया जाता है जिनका उत्पाद इनके द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार होता है।
- **उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986–** भारत सरकार द्वारा यह अधिनियम बनाया गया इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को मिलावटी सामान से बचाने, विक्रेताओं द्वारा हो रहे शोषण को रोकने तथा ग्राहको के हितों की रक्षा करना है।
- **अन्य अधिनियम जैसे**
  - श्रेणीकरण व बाजार अधिनियम, 1937
  - भार एंव माप मानकीकरण अधिनियम, 1939
  - औषधि एवं मानक पदार्थ अधिनियम, 1940
  - डिब्बाबंद वस्तु नियम, 1970
  - खाद्य मिलावट निरोधक अधिनियम, 1954

Food Laws in force in India

Nature Of Grievance	Main Acts/Regulations/Order Applicable
1. Quality and Purity of Food	i. PFA Act, 1954 and Rules, 1955

	ii. FPO,1955 iii. MFPO,1973 iv. Sugar (control) Order, 1966 v. Vegetable Oil, Products Order, 1947 vi. Vegetable Oil Products (Standard of Quality) Order 1972 vii. Solvent Extracted and Oils, Deoiled Meal and Edible Flour Order, 1967 viii. Packaged Commodities Act,1975 ix. The Edible Oils Packaging (Regulation) Order, 1998 x. The Atomic Energy (Control of Irradiation of Food) Rules, 1996 xi. The Vegetable Oil Products (Regulation) Order, 1998 xii. The Recycled Plastic Manufacturing and usage Rules, 1999
2. Hygiene in handling food in factories and restaurants	i. PFA Act, 1954 and Rules, 1955 ii. State Municipal Act
3. Suspected adulteration or quality of goods, drawing sample for analysis	i. PFA Act, 1954 and Ruls, 1955
4. Misleading and wrong labelling of food and drugs	i. PFA Act, 1954 ii. Drug and Cosmetics Act, 1940 iii. Standards of Weights and Measure Rules, 1977 iv. Sales of Goods Act, 1930
5. Quality of sale, their measures, price marking	i. Standard of Weights and measures Rules, 1977 ii. Standards of weights and measures Act, 1987 iii. Sales of Goods Act, 1930
6. Quality of foods guaranteed under voluntary schemes	i. ISI Act, 1952 and Rules and Regulations, 1958 ii. Agricultural Produce (Grading and Marking) Act, 1937

आहार अपमिश्रण पहचानने के कुछ परीक्षण निम्न तालिका में हैं–

Some Simple Tests for Detecting Food Adulteration

S.no	Substance	Adulterant	Test
1.	Asafoetlda	Second and	a) Solves in water to from a milk-

		coloured	white solution. b) Pure asafoetida burns with a bright flame on being ignited (burning).
2.	Bura Sugar	Washing soda	a) Gives effervescence with hydrochloric acid if washing soda is present. b) If dissolved in water, the washing soda will turn red litmus blue.
3.	Cardamom	Oil is removed and pods are coated with talcum powder	On rubbing, talcum will stick to the fingers. On testing, if there is hardly any aromatic flavour, it indicates removal of essential oil.
4.	Turmeric (haldi)	Metanil yellow colouring	When concentrated hydrochloric acid is added to a solution of turmeric powder, it turns magenta, if metanil yellow is present.
5.	Chili powder	Sawdust and colour	Sprinkle on the surface of water : sawdust floats. Added colour will make the water coloured.
6.	Coffee	Chicory	Shake a small portion in cold water : coffee will float while chicory will sink, staining the water brownish.
7.	Coriander Powder	Horse dung Powdered	Soak in water. Horse sung will also float which can be easily detected.
8.	Cloves (Lavang)	Oil may be removed	If so, cloves may be shrunken in appearance.
9.	Cumin seeds (Jeera)	May contain grass seeds coloured with charcoal dust	If rubbed in hand, fingers will turn black.
10.	Ghee	Vanaspati	Dissolve one teaspoon of sugar in 10 ccs of hydrochloric acid and 10 sec ccs of the melted ghee and shake thoroughly for one minute. Allow it to stand for 10 minutes. If Vanaspati has been added, the aqueous layer will be red in colour.
11.	Jaggery	Metanil yellow	Hydrochloric acid added to gur solution will turn its colour to

			magenta.
12.	Rawa	Iron filings to add weight	Pass magnet through the rawa. Iron fillings will cling to it.
13.	Betelnut Powder (Supari)	Sawdust and artificial coloured	Sprinkle in water. Sawdust will float and the added colour will dissolve in water.
14.	Tea dust	Used tea leaves dried, powdered and artificially coloured	Sprinkle the dust on a wet white filter paper. Spots of yellow, pink and red appearing on the paper, indicating tea is artificially coloured.

15.	Edible Oil	Argemone	A reddish- brown precipitate is formed when oil and hydrochloric acid are gently mixed with ferric chloride solution, if argemone is present.
16.	Saffron	Maize fibers dried, coloured and scented	a) Genuine saffron is tough. Spurious saffron is brittle and breaks easily. b) Dissolve easily in water, giving aroma of saffron.
17.	Sago	Sand and talcum	Gritty feel in mouth. Pure sago swells on burning and leaves hardly and ash.
18.	Coconut	Any other oil	Place a small bottle of oil in refrigerator Coconut oil solidifies leaving the adulterant as separate layer.
19.	Bajra	Fungus (Ergot-infested)	Immerse in salt water. Fungi will float to the tap.
20.	Cinnamon (dalchini)	Cassia bark	Added colour comes off in water.
21.	Olive oil	Peanut oil	1 ml oil + 5 ml of 1.5 M alcoholic potash Saponify for 10 minutes. Add 50 ml alcohol + 0.8 ml hydrochloric acid and warm to obtain clear liquid. Cool to let temperature fall by 1^{o} C per minute. Observe temperature at

			which turbielity is obtained. (Peanut oil 39.4°C).
22.	Peanut Oil	Cotton seed oil	Mix 2.5 ml of oil or fat + 2.5 ml Halpher's reagent. Lightly screw cap and heat in boiling water for 30 minutes. The test is positive if a rose colour is obtained.

मूल्यांकन

खाद्य मिलावट के प्रति प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह मिलावट को रोकने में सहायता प्रदान करे मिलावट की खास एवं निश्चित जानकारी दे। न्यायालय के समक्ष अपनी गवाही देने को सदा प्रस्तुत रहे, मिलावट को रोकने के जो भी अभियान हो उसमें पूरी सहायता दे, मिलावटी चीजें न खरीदे, सदैव एगमार्क आई॰एस॰आई॰ चिन्हित चीजें ही खरीदे, उत्तम स्वास्थ्य के लिए उत्तम आहार है। गृह में कुछ परीक्षण आसानी से किये जा सकतें हैं, उनका प्रयोग अवश्य करना चाहिए। एक बेहतर स्वास्थ्य के लिए उत्तम भोजन आवश्यक है। मिलावट करने वाले समस्त व्यापारी अपने लाभ के कारण अपने ही देश के भविष्य को अंधकार में जाने–अंजाने हानि पहुंचा रहे हैं। ये अपने स्वार्थ हेतु लगातार हानिकारक और निकृष्ट प्रकार के पदार्थ, खाने की चीजों में मिला देते हैं। ये मुनाफाखोर व्यापारी लगातार अनगिनत इंसानों के जीवन में जहर घोलने का काम करते हैं, जिससे अनेक बीमारियां जन्म ले रही है, जिन्हें फैलाने वालो को यदि राष्ट्र का दुश्मन कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। किसी भोज्य पदार्थ में मिलावट करना, कानून की दृष्टि से एक गम्भीर उपराध है एवं नैतिक दृष्टि से भी अत्यन्त पाप है। देश के सभी नागरिकों को चाहिए कि वह स्वयं जागे एवं दूसरों को भी मिलावट का विरोध करने के लिए प्रोत्साहित करे।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

1. आहार एवं पोषण विज्ञान–पेज नं०– 436 डॉ॰ खनूजा रीना, अग्रवाल पब्लिकेशन्स
2. आहार एवं पोषण विज्ञान– पेज नं० 380–388,कुमारी आशा, अग्रवाल पब्लिकेशन्स आगरा
3. आहार एवं पोषण विज्ञान– पेज नं० 230,मिश्रा ऊषा, अग्रवाल अल्का,साहित्य प्रकाशन आगरा
4. आहार एवं पोषण के मूलतत्व– पेज नं० 298–300,श्रीमती बख्शी, बी के श्री विनोद पुस्तक मन्दिर आगरा–2
5. आहार एवं पोषण विज्ञान– पेज नं० 365 डॉ सक्सेना, सविता, डा॰ अंजू सिंह, भवदीय प्रकाशन, अयोध्या
6. उपभोक्ता अर्थशास्त्र– पेज नं० 156 डॉ सक्सेना एवं सक्सेना, स्टार पब्लिकेशन आगरा
7. आहार एवं पोषण स्वास्थ्य विज्ञान– पेज नं० 278,डॉ बोरा प्रीति,विद्याशाखा हल्द्वानी उत्तराखण्ड
8. आहार विज्ञान एवं पोषण– पेज नं० 175,डॉ सिंह वृन्दा,पंचशील प्रकाशन
9. आहार एवं पोषण विज्ञान– पेज नं० 200,डॉ सिंह अनीता,स्टार पब्लिकेशन्स आगरा
10. आहार एवं पोषण विज्ञान– पेज नं० 182,डॉ वर्मा प्रामिला एवं पाण्डेय क्रान्ति, बिहार हिन्दी ग्रंथ अकादमी

Anvesha The Horizon (UGC J.No.-64028)
ISSN : 2454-5430, Vol. XII (I) Jan-June 2019

कला और साहित्य

डॉ० सविता वर्मा*

शोधसार

साहित्य जा रहा है, कविता भी लिखी जा रही है, इसलिए यह प्रश्न कुछ लोगों को असामान्य दिखता है। परंतु असामान्य यह नहीं है। क्या लिखा है ? और क्या लिखना चाहिए ? तथा इसकी शुरूआत कहाँ से की जाय? इनमें अंतर है और इस अंतर के कारण कवियों, लेखकों का एक बडा वर्ग या सम्प्रदाय ऐसे लोगों (कवि, लेखक) जो स्पष्टीकरण पर लिखते हों, और कहें– आत्मसंतुष्टि के लिए। बिना किसी के प्रभाव में आए स्वतंत्र, स्वछंद। रोना और गीत, वे मनुष्य की सहज चेष्टाएँ मात्र मानते हैं और उनका कहना है, कि जिस प्रकार करूणा (रोना) और हास्य मनुष्य की आज्ञा–विशेष के परिचायक हैं, विषाद और आनन्द को व्यक्त करते हैं उसी प्रकार गायन या गुणगान भी उल्लास की व्यंजना है। परंतु यह स्थिति हुई आदिम मानव की जो सकेंत में भी कभी जीभ को एक कर चेष्टों द्वारा अपने हर्ष–विवाद का व्यक्त करता था प्रारंभिक मानव जिसके पास उसकी कोई भाषा नहीं थी और जैव अधिक तथा मनुष्य कम अर्थात् समाज का व्यक्ति उसकी नितान्त कम। **" मेरे पास दो रोटियां हों और पास में फूल बिकने आयें तो मैं एक रोटी बेचकर फूल खरीदना पसंद करूंगा। पेट खाली रखकर भी यदि कला–दृष्टि को सीचनें का अवसर हाथ लगता होगा तो मैं उसे गंवाऊंगा नहीं। "**

कुंजी शब्द– कला, साहित्य

कला के विषय की महत्ता को दर्शाते हुए आज से 1300 वर्षों पूर्व अर्थात् 13वीं शताब्दी में जाने–माने एक सुप्रसिद्ध साहित्यकार शेख सादी ने कही थी, जिससे यह ज्ञात होता है कि उस सदी के लोगों का कला और साहित्य के प्रति कितना लगाव था ? तथा उनके मन मस्तिष्क में तथा उस दौर में लोगों को कला और साहित्य ने किस कदर प्रभावित किया था , जबकि उस दौर की मार्मिकता, गरीबी एवं इस

असि.प्रोफेसर कला, किसान पी.जी.कालेज.बहराइच

आशय में यह कहना उचित ही होगा कि उनकी कला और साहित्य के इस प्रेम को यह पुरस्कार दिया है कि 21वीं सदी में भी वह सर्वविदित तथ स्मरणीय है, तथा उनकी कृतियों चाहे वह कला हो या साहित्य, हमारे शोध का विषय बनी हुई हैं।

